सुगणाबाई बड़जाते जैन ग्रन्थमाला—४

(दिल्ली सस्तासाहित्य मंडल)
पहली बार; मूल और अनुवाद के साथ २०००
(वर्धा भारत जैन महामंडल)
दूसरी बार मात्र अनुवाद १९४२ १०००
तीसरी बार मार्च १९५० २०००
चौथी बार मार्च १९५३ २०००

मूल्य : सवा दो रुपये

प्रकाशकः
जमनालाल जैन
प्रबन्ध मंत्री
भारत जैन महामंडल, वर्धा

मुद्रकः
परमेष्ठीदास जैन
जैनेन्द्र प्रेस
ललितपुर (उ० प्र०)

समर्पण

सौ० श्रीमती अजवाली को—

जिनकी सप्रेम सहचारिता के बिना

साहित्य-क्षेत्र में

मैं कुछ भी नहीं कर सकता—

सादर समर्पण

—बेचरदास

विषय-सूची

विषय	पृष्ठ	विषय	पृष्ठ
प्रकाशक की ओर से	५	१३ कषाय-सूत्र ...	८७
सपादकीय	७	१४ काम सूत्र ...	९३
महावीर और उनकी वाणी	२०	१५ अशरण-सूत्र ...	९९
मैं उन्हींका काम कर रहा हूँ	२२	१६ चाल-सूत्र ...	१०५
महावीर वाणी के तृतीय सस्करण की प्रस्तावना	२३	१७ पण्डित-सूत्र ...	११५
		१८ आत्म-सूत्र ...	१२१
१ मगल-सूत्र ...	३	१९ लोकतत्त्व-सूत्र ...	१२७
२ धर्म-सूत्र ...	७	२० पूज्य-सूत्र ...	१३५
३ अहिंसा-सूत्र ...	१३	२१ ब्राह्मण-सूत्र ...	१४१
४ सत्य सूत्र ...	१९	२२ भिक्षु-सूत्र ...	१४७
५ अस्तेनक-सूत्र ...	२५	२३ मोक्षमार्ग-सूत्र ...	१५५
६ ब्रह्मचर्य-सूत्र ...	२९	२४ जतिमदनिवारण-सूत्र	१६५
७ अपरिग्रह-सूत्र ...	३९	२५ क्षमापन-सूत्र ...	१७१
८ अरात्रिभोजन-सूत्र	४३	पारिभाषिक शब्दोंके अर्थ	१७३
९ विनय सूत्र ...	४७	महावीरवाणीके पद्योंकी अक्षरानुक्रमणिका	१७९
१० चतुरगीय-सूत्र ...	५५		
११-१ अप्रमाद-सूत्र	६१	शुद्धिपत्रक ...	१८८
११-२ अप्रमाद-सूत्र	७१	संस्कृतानुवाद ..	१-५०
१२ प्रमादस्थान-सूत्र	७९		

प्रकाशक की ओर से

पहली वार 'महावीर-वाणी' सस्ता साहित्य मंडल, नई दिल्ली की ओरसे जनवरी सन् १९४२ में प्रकाशित हुई थी। उसके वाद महामण्डल की ओर से, सुगणावाई ग्रन्थमाला के अन्तर्गत ही, इसका केवल हिन्दी अनुवाद-अंश प्रकाशित किया और प्रायः अमूल्य ही वह वितरित हुआ।

अव यह पुस्तक अपने पूर्व और पूर्ण रूप में सम्पादक और प्रकाशक की अनुमतिपूर्वक प्रकाशित की जा रही है—यह हमारे लिये प्रसन्नता की वात है।

इस महंगाई में भी मूल्य में अधिक वृद्धि नहीं की गई है। हम चाहते हैं कि इस 'वाणी' का घर-घर में प्रचार हो।

सुगणावाई-ग्रन्थमाला श्री. चिरंजीलाल जी वड़जाते की माँ की स्मृति में चल रही है और यह उसका चौथा पुष्प है। इसकी विक्री से प्राप्त होनेवाली रकम से यथा-शक्ति दूसरे प्रकाशन भी भेंट किए जा सकेंगे।

आशा है, इस पुस्तक का समाजमें यथोचित आदर और उपयोग होगा। दृष्टि-दोष से यदि कुछ अशुद्धियाँ रह गई हों तो कृपया पाठक सुधार लें।

पन्ना भुवन, भुसावल
वीर जयन्ती, २४७६
ता० ३१ मार्च १९५०

फकीरचन्द पन्ना० जैन
प्रबन्ध मंत्री
भारत जैन महामण्डल

पुनश्च—

तीन वर्ष के बाद 'महावीर-वाणी' का तीसरा संस्करण प्रकाशित हो रहा है।

इस बार 'महावीर-वाणी' में सम्पादक ने कुछ संशोधन किए हैं। 'विवाद-सूत्र' निकालकर 'जाति-मद-निवारण सूत्र' दिए गए हैं तथा कुछ गाथाएं, निकाल दी गई हैं।

पाठकों की सुविधा के लिए पुस्तक का हिन्दी अनुवाद-अंश अलग से छापा गया है। प्राकृत और संस्कृत में रुचि न रखने वालों के लिए यह संस्करण उपयोगी होगा।

पुस्तक पं० परमेष्ठीदास जी के जैनेन्द्र प्रेस में छपी है। उनका जो सम्बन्ध है वह व्यावसायिकता से ऊपर है। उन्होंने छपाई के सम्बन्ध में पर्याप्त दिलचस्पी ली है और शुद्ध छपाई का ध्यान रखा है। हम छपाई के काम को झाड़ू देने का काम समझते हैं। कितना भी बारीकी से देखा जाय, कुछ न कुछ गलतियाँ—अशुद्धियाँ रह जाती है। जो हो; भाई परमेष्ठीदास जी को धन्यवाद देना अपनी ही प्रशंसा करने जैसा होगा।

वर्धा
१५ मार्च, ५३

—जमनालाल जैन

संपादकीय

'महावीरवाणी' नी आ जातनो आ त्रीजी आवृत्ति गणाय. प्रथम आवृत्ति २००० नकल दिल्ली-सस्तासाहित्य मंडळ द्वारा प्रकाशित थयेली.

पछी मूलगाथा विनानो केवळ हिन्दी अनुवाद (१००० नकल) भाई श्रीचिरंजीलालजी वडजातेए पोतानां मातुश्रीना स्मरणमां वर्धाथी छपावेलो.

भाईश्री चिरंजीलालजी वडजाते सद्गत श्री. जमनालालजी वजाजना विशेष संपर्कमां आवेला जैन-धर्मपरायण एक सज्जन भाई छे. वर्धामां रहे छे अने यथाशक्ति जनसेवामां तत्परता बतावी रह्या छे. महावीरवाणी द्वारा मारो एमनी साथे स्नेहयुक्त मधुर गाढ परिचय थई गयो छे. मूळ अने हिन्दी अनुवादवाळुं आ प्रस्तुत प्रकाशन तेमणे पोतानां मातुश्रीना स्मरणमां प्रकाशित करवा सारु भारे तत्परता दाखवी छे. ते अर्थे तेमनुं अहीं नामस्मरण सविशेष उचित छे. आ भाई भारत जैन महामंडळना सविशेष कार्यकर छे.

त्यारबाद मूळ साथेनी अनुवादवाळी बीजी आवृत्ति (२००० नकल) भारत जैन महामंडलना कार्याध्यक्ष भाईश्री ऋषभदास रांकाजीए पोतानी उक्त संस्था द्वारा प्रकाशित करेली.

आ प्रस्तुत आवृत्ति (२२०० नकल) पण ए ज संस्था (भारत जैन महामंडल) भाईश्री चिरंजीलालजी बडजातेनी सहायता द्वारा छापीने प्रकाशित करी रही छे.

प्रकाशक संस्थाना प्राणरूप भाई रांकाजीनो परिचय मने वीसापुर जेलमां १९३० मां थयेल छे. तेओ त्यां सत्याग्रही तरीके एक के बे वरसनी जेल लईने आवेला. धर्मचर्चाने निमित्ते मारो अने एमनो सविशेष परिचय थई गयो. आ भाई हमणां हमणां पोतानो बधो समय राष्ट्रसेवा अने भारत जैन महामंडळनी सार्वजनिक प्रवृत्तिओमां रोकी रह्या छे. माननीय श्री. विनोबाजीनी अहिंसामूलक भूदान यज्ञनी सर्वोदयी प्रवृत्तिमां एमने विशेष रस छे. आ भाई पण वर्धामां रहे छे अने तेथी ज वर्धामां वसेला संतकोटिना महानुभावो सद्गत श्री. कि. घ. मशरुवाळा, निर्वाण पामेला पू. बापुजी वगेरेना संपर्कमां रहेनारा छे. वर्धा निवासने कारणे अने सद्गत जमनालालजीनी गोसेवा-प्रवृत्तिमां विशेष रस होवाने लीधे तेओ माननीय श्री. विनोबाजीना पण विशेष संपर्कमां छे.

मारो अने एमनो जेलनिवास दरमियान थयेलो स्नेहसंपर्क महावीरवाणीने निमित्ते आज सुधी एवो ने एवो चालु रहेल छे—विशेष सुमधुर गाढ बनेल छे. आ भाईने महावीरवाणी प्रत्ये निर्व्याज प्रेम छे तेने लीधे ज तेओए माननीय विनोबाजीपासेथी आ पुस्तक विशे विशेष सूचन मागेलुं, अने परिणामे आ पुस्तकमां थोडी वधघट थयेली छे अने पाछळ संस्कृत अनुवादनो उमेरो पण थयेल छे. तथा आ वाणी माटे माननीय विनोबाजीना खास सूचक 'वे शब्दो,' सुद्धां मळी शक्या छे.

आ माटे हुं भाई रांकाजीनो सविशेष आभारी छुं अने राष्ट्रसेवानी असाधारण प्रवृत्तिमां रोकायेला होवा छतां श्री विनोबाजीए 'महावीरवाणी' प्रत्ये जे पोतानो सद्भाव व्यक्त करी बताव्यो छे ते माटे तेमनो पण सविशेष आभार मानवानुं अहीं जतुं करी शकाय एम नथी.

आ वखते माननीय डॉ. भगवानदासजीए पोते खास नवी प्रस्तावना लखी मोकली छे एटलुं ज नहीं पण तेमणे सर्व धर्म समभावनी दृष्टिए अने पोते खरेखर समन्वयवादी छे ए भावनाने लीधे नवी प्रस्तावनामां तेमणे महावीरवाणी प्रत्ये पोतानी असाधारण लागणो प्रगट करेल छे अने जैन बंधुओनी उदारता बाबत असाधारण विश्वास बतावेल छे

महावीरवाणीना प्रचार माटे पोतानो अंगत अभिप्राय पण दर्शावेल छे.

आथी खास आशा बंधाय छे के तटस्थ डॉ. भगवानदासजीनां वचनोनी जैन समाज जरूर कदर करशे. महावीरवाणी प्रत्ये डॉक्टर महाशयनी लागणी बदल अहीं हुं तेमनो पण सविशेष आभार मानुं छुं.

१९४२ थी १९५३ सुधीमां मूळ अने अनुवाद साथेनी महावीरवाणीनी त्रण आवृत्तिओ थई गणाय अने जो तेमां केवळ हिंदी अनुवादवाळी आवृत्तिने मेळवीए तो चार आवृत्तिओ पण थई गणाय. आम पकंदर वार वर्षना गाळामां आ पुस्तकनी सात हजार नकलो प्रजामां पहोंची कहेवाय.

आवा विषम समयमां ज्यां अहिंसा अने सत्यना मार्ग तरफ प्रजानां मन डगमगतां देखाय छे अने ज्यारे लोको—भगवान महावीरना अनुयायी लोको पण त्यांसुधी य मानवा लाग्या छे के व्यवहारमां सत्य अने अहिंसानो मार्ग नहीं ज चाली शके, ए तो मंदिरमां के सभामां बोली बतावबानो मार्ग छे. एवे कपरे काळे आ पुस्तकनी सात हजार नकलो बार वर्षना य गाळामां गई ते पुस्तकनुं अहोभाग्य ज कहेवाय.

सौथी प्रथम आवृत्ति वखते भाई मानमलजी गोलेच्छा (जोधपुर-स्टीलवाळा) ए आर्थिक सहायता

आपी मने पोतानो ऋणी बनावेल ते माटे ते भाईनुं नामस्मरण अवश्य करी लउं छुं.

पहेली आवृत्ति वखते हुं अमदावादमां, डॉ. भगवानदासजी बनारसमां; आटलुं लांबुं अंतर होईने तेओ तत्काल प्रस्तावना लखी मोकले ए कठण हतुं, परंतु मारा उपरना निर्व्याज स्नेहने लीधे ए काम भाई गुलाबचंद जैन (वर्तमानमां अध्यक्ष श्री महावीर भवन पुस्तकालय अने वाचनालय दिल्ली ६) सारी रीते प्रयास करीने पण वजावी शक्या छे एटले ए स्वजननुं पण नाम संकीर्तन अहीं जरूर करी लउं छुं.

आ उपरांत मारा स्नेही कवि मुनिश्री अमरचंदजी, पंडित सुखलालजी, भाई दलसुखभाई (बनारस हिन्दु युनिवर्सिटी) तथा भाई शांतिलालजी (व्यावर गुरुकुळ मुद्रणालय)नो पण आ प्रवृत्तिमां मने जे सहकार मळ्यो छे ते भूली शकाय तेम नथी.

आ बधा महानुभावोनो पण हुं जरूर ऋणी छुं.

गुजरात युनिवर्सिटीए आ पुस्तकने इन्टरआर्टना प्राकृतभाषाना अभ्यासक्रममां योजेलुं छे ते माटे ए संस्थानो तेम ए संस्थाना संचालकोनो पण अहीं आभार मानवो जरूरी छे अने डॉ. भगवानदासजीए पण पोतानी प्रस्तावनामां ए संस्थाने अभिनंदन पाठवेल छे.

छेल्ले भाई जमनालालजी जैन ('जैनजगत'

ना सहकारी संपादक) तथा आ पुस्तकना मूळ तथा हिन्दी अनुवादना मुद्रक भाई परमेष्ठीदासजी जैन (मालीक जैनेन्द्र प्रेसः ललितपुर उत्तरप्रदेश) प वन्ने महाशयोए आ पुस्तकना मुद्रणमां जे भारे दिलचस्पी बतावेल छे ते माटे तेमनो वन्नेनो हुं सविशेष आभारी छुं.

अहीं आ वावत खास जणाववी जोईए के जो आ वन्ने भाईओए पुस्तकना मुद्रण-संशोधन माटे दिलचस्पी न लीधी होत तो मुद्राराक्षसना प्रभावने लीधे पुस्तकने अंते आपेल शुद्धिपत्रक केटलुं य लांबुं थई गयुं होत.

डॉ. भगवानदासजीए पोतानी प्रस्तावनामां जणावेल छे के प्रस्तुत आवृत्तिना कागळ सारा नथी अने तेनुं समर्थक कारण पण पोते ज समजावेल छे. तेम हुं पण अहीं आ वात नम्रपणे जणाववानी रजा लउं छुं के प्रस्तुत पुस्तकमां मूळ गाथाओनुं अने अनुवादनुं मुद्रण मनपसंद नथी छतां महावीर वाणी प्रत्ये सद्भाव राखनारो वाचक वर्ग आ मुद्रण प्रत्ये पण उदारता दाखवी तेने वधावी लेशे ए आशा अस्थाने नथी.

महावीरवाणीनी कायापलट

आगली वधी आवृत्तिओ करतां आ संस्करणमां जे विशेषता छे ते आ प्रमाणे छे:

-१ महावीरवाणीनी तमाम प्राकृत गाथाओनो संस्कृत अनुवाद तेमना सळंग आंकडा आपीने पाछळ आपेल छे. जे वाचको हिन्दी नथी जाणता तेम ज प्राकृत पण नथी जाणता तेमने अर्थे श्री विनोबाजीए संस्कृत अनुवाद आपवानी सूचना करेली. ते प्रमाणे आ अनुवाद आपेल छे. तेमां क्यांय क्यांय संक्षिप्त टिप्पण पण आपेल छे. संस्कृत अनुवादनी भाषा आम नो सरळ संस्कृत राखी छे छतां तेमां छांदस प्रयोगो पण मूळ प्राकृत भाषा साथे तुलना करी जोवानी दृष्टिए आपेला छे.

२ आगळी आवृत्तिओमां सौथी प्रथम आवृत्तिमां मूळ गाथाओ २४१ हती, पछीनी आवृत्तिमां पंदरमा अशरणसूत्रमां छेल्ले एक गाथा वधारेली तेथी तेमां मूळ गाथाओ २४६ थई. आ आवृत्तिमां कुल गाथाओ २१४ छे एटले आगळी आवृत्ति करता आमांथी बत्रीश गाथाओ घटाडी छे. तेनी वीगत आ प्रमाणे छे:

बीजा धर्मसूत्रमांथी चार गाथाओ घटाडी छे जे गाथाओ जूनी आवृत्तिमां पांचमी, छट्ठी, सातमी अने आठमी तथा अग्यारमी, बारमी अने तेरमी हती अर्थात् बीजा धर्मसूत्रमांथी कुले सात गाथाओ ओछी थई छे.

त्रीजा अहिंसासूत्रमांथी जूनी आवृत्तिमां जे

२४मी अने २५मी गाथा तथा दसमा चतुरंगीय-सूत्रमांथी जूना प्रमाणे ९७मी अने ९८मी गाथा हती ते गाथाओ आमां ओछी करी छे.

पछी अगियारमा बीजा अप्रमादसूत्रमांथी जूनी आवृत्ति प्रमाणे १२७ थी १३५ सुधीनी पटले कुले नव गाथाओ ओछी करी छे.

चोवीशमुं विवादसूत्र आखुं ज काढी नाख्युं छे पटले एनी कुले १९ गाथाओ ओछी थई.

आम तो ७+२+२+९+१९ कुले ओगणचाळीश गाथाओ घटी छे पटले बधी मळीने ३०७ गाथाओ रहेवी जोईए पण २४मा विवादसूत्रने बदले जाति-मदनिवारणसूत्र नवुं ज गोठव्युं छे. तेनी गाथाओ कुले सात छे पटले ३०७×७ मळी आ आवृत्तिमां कुले ३१४ गाथा थई, आ जोतां जूनी आवृत्ति करतां आमांथी कुले ३२ गाथाओ घटी.

वाचकोनी रुचि प्रत्यक्ष जीवन तरफ रहे अने प्रत्यक्ष जीवन ज भविष्यना जीवननो पायो छे ए माटे ए तरफ ज विशेष ध्यान खेंचाय ते दृष्टिने लक्ष्यमां राखी आ आवृत्तिमां थोडीघणी बधघट करी छे.

वर्तमानमां आपणे जोईए छीए के तमाम धर्मावलंबीओनुं ध्यान प्रत्यक्ष सृष्टि करतां परोक्ष सृष्टि तरफ घणुं वधारे छे. तेओ ईश्वरने नामे, मंदिरने नामे, देवदेवीओने नामे, धर्मनां मनातां कर्म-

कांडोने नामे घणो घणो भोग आपे छे, घणो घणो त्याग करे छे अने एवुं बीजुं घणुं घणुं कष्ट सहन करे छे तेम छतां आपणुं वर्तमान जीवन सुखमय, संतोषमय, शांतिमय नथी बनी शकतुं. कुटुंबमां एवो ज विखवाद चाल्या करे छे अने समाजमां तथा राष्ट्रमां पण एवा ज हानिकारक विखवादो थया करे छे, नवा नवा वध्या करे छे. आपणुं लक्ष्य वर्तमान जीवननां शांति सुख संतोष अने वात्सल्य तरफ ज होय तो आवुं केम बनी शके?

आ तरफ विशेष लक्ष्य खेंचाय माटे ज आ संस्करणमां थोडी कांटछांट करी छे भाई रांकाजीनी सूचना आ ज हकीकतने लक्ष्यमां राखीने कांटछांट माटे थपली हती पटले पण आ कांटछांट करवानुं गमी गयुं छे.

आ महावीरवाणी आपणा प्रत्यक्ष जीवनमां सुख शांति संतोष अने वात्सल्य प्रेरनारी थाय ए एक ज आकांक्षा छे.

महावीरवाणीना जे वाचको अजैन छे तेमने सारु महावीरवाणीमां आवेलुं लोकतत्त्व सूत्र १९ मुं कांईक वधारे पडतुं पारिभाषिक लागे खरुं छतां ए ते द्वारा ते वाचकोने जन प्रवचन विशे थोडी घणी माहिती जरूर मळशे एम मानीने तेने बदल्युं नथी.

जैन प्रवचनमां जन्मजातिवादने मूळथी ज स्थान

नथी, खरुं कहेवामां आवे तो भगवान महावीरना धर्मचक्र प्रवर्तनना जे वीजा वीजा हेतुओ हता तेमां जन्मजातिवादने मीटावी देवानो पण एक खास हेतु हतो ज. ए वातने लक्ष्यमां लावबा खातर २४ मुं जातिमदनिवारण सूत्र खास सांकळवामां आव्युं छे. ते बधी गाथाओ अने एने मळती वीजी वीजी अनेक गाथाओ उत्तराध्ययन सूत्र वगेरे अनेक सूत्रोमां भरी पडी छे परंतु ते बधीने अहीं न आपतां मात्र आचारांग अने सूत्रकृतांग सूत्रमांथी थोडां वचनो बानगी रूपे अहीं गोठवेलां छे ते उपरथी वाचको जोई शकशे के जैन प्रवचनमां मूळथी ज जन्म-जातिवादने जराय स्थान नथी पटलुं ज नहीं पण एनो विशेष विरोध भगवान महावीरे ज पोते करेलो छे.

दुःख अने खेदनी वात तो ए छे के वर्तमानमां जेओ जैन धर्मना आचार्य कहेवाय छे तेओ पण हजी सुधी अस्पृश्यताने जाळवी रह्या छे अने केम जाणे ते तेमनो सदाचार न होय तेम पाळी रह्या छे. खरी रीते ए रीतनुं वर्तन जैन प्रवचनथी तद्दन विरुद्ध छे, अहिंसानी दृष्टिए पण तद्दन अनुचित छे अने भगवान महावीरना वचनोथी तो ए सदंतर वेगळुं छे ए वात वर्तमान जैन उपदेशकोना अने तेमना अनुयायीओना खास ख्यालमां आवे माटे ज आ जातिमदनिवारण सूत्रने अहीं सांकळेलुं छे.

प्रस्तुत पुस्तकमां श्रमण भगवान महावीरनुं एक सुंदर चित्र जरूरी लागतु हतुं तथा तेमनो मानवतानी दृष्टिए प्रामाणिक परिचय आपवानुं पण तेटलुं ज जरूरी जणातुं हतुं छतां य आमांथी पेलुं चित्र मूकवानुं तो बनी शक्युं छे अने तेमनो परिचय आपवानुं हाल तुरत नथी बनी शक्युं ते माटे वाचको जरूर क्षमा आपशे पण निकटना भविष्यमां महावीरवाणीनो गुजराती अनुवाद मारे वाचको समक्ष रजु करवानो मनोरथ छे ते वखते आ परिचय आपवा जरूर प्रयास करवानुं धारी राख्युं छे.

उपरांत जे जे वचनो महावीरवाणीमां आवेलां छे तेवां ज वचनो बुद्धवाणीमां अने वैदिकवाणीमां– उपनिषदो अने महाभारत वगेरेमां-सुद्धां मळी आवे छे ते अंगेनुं तुलनात्मक लखाण पण आ वाणीनी प्रस्तावनामां जरूरी छे अने डॉ. भगवानदासजीए पोतानी प्रस्तावनामां आ वचनो विशे जे एक बीजी सूचना करेली छे ते विशे पण खास लखवा जेवुं छे तेमनी सूचना ए हती के आ वचनो भगवान महावीरे जे जे प्रसंगे कहेलां होय ते तमाम प्रसंगोवाळी टूंकी नोंध ते ते वचनो साथे आपी देवी जोईए जेथी आ वचनोने वांचतां ज तेमनो आशय हृदयमां जडाई जाय अने आ वचनो वधारे असरकारक बने.

आ बन्ने मुद्दाओ विशे पण हवे पछी लखवानी कल्पना करी हाल तो मूकी छांडी छे.

आ उपरांत केटलांक वचनोनो आशय समजाववा सारु थोडुं विवेचन करवुं जरूरी छे. जेमके दाखला तरीके-धर्मसूत्रमां आवेली चोथी गाथानो अर्थ आ प्रमाणे छेः

"जरा अने मरणना वेगथी धोधवंध वहेता प्रवाहमां तणाता प्राणीओने माटे धर्म ज बेटरूप छे अने धर्म ज शरणरूप छे."

आनो अर्थ कोई एम न समजी बेसे के धर्म कोई पण देहधारीनां जरा अने मरणने अटकावी शके छे. जेम जन्मवुं आपणे वश नथी तेम जरा अने मरण पण तमामने माटे स्वाभाविक छे. मोटा मोटा ज्ञानीओ, संतो, तीर्थंकरो अने चक्रवर्तीओ खरा अर्थमां धर्मावलंबी थई गया पण तेओ घरडा थतां अटक्या नहीं तेम मरतां पण अटक्या नहीं. मात्र तेमनुं धर्मावलंबन तेओने शांतिथी, संतोषथी अने अविषमभावे जीवन जीववामां खप लागतुं अने धर्मावलंबननो खरो अर्थ पण ए ज छे

जे विकार स्वाभाविक छे तेने कोई अटकावी शके ज नही मात्र ते विकारो थतां आपणने कदाच अज्ञानताथी अशांति असंतोष उपजे तो धर्मावलंबनथी तेमनुं समाधान थाय छे. आ अर्थ 'धर्म ज शरणरूप

छे' ते वाक्यने बराबर छे. आ ज रीते आ वचनो विशे आवां टिप्पणो करवानी जरूर छे.

संपादकीय कथनमां हवे आथी वधारे लखवुं आवश्यक नथी.

आ महावीरवाणी तमाम प्राणीने, तमाम भूतोने, तमाम जीवोने अने तमाम सत्त्वोने सुखकर, संतोषकर अने समाधानकर नीवडो एवी भावना भावी विरमुं छुं.

मूळ अने अनुवाद पूरो थया पछी पाछळ आपेलो वधो भाग अमदावादमां शारदा मुद्रणालये छापेल छे. तेना मालीक अने व्यवस्थापके आ छापकाम घणुं ज सुंदर थाय तेम पूरती काळजी राखी छे ते, ए काम ज कही आपे छेः एटलुं ज नहीं चित्रनी पसंदगी पण श्रीवालाभाईए पोते घणी काळजीथी करी छे. आ वधा मारा अंगत स्वजनो छे छतां य आ मुद्रणालयना कामने विशेष प्रसिद्धि मळे ए दृष्टिए ज अहीं आ प्रेसना नामनुं खास संकीर्तन करूं छुं.

ता ९–७–५३
१२/ब भारती निवास सोसायटी
ओलिसब्रिज : अमदावाद–६

वेचरदास दोशी

महावीर और उनकी वाणी

बुद्ध और महावीर भारतीय आकाश के दो उज्वल नक्षत्र हैं. गुरु शुक्र के समान तेजस्वी और मंगल-दर्शन. बुद्ध का प्रकाश दुनिया में व्यापक फैल गया. महावीर का प्रकाश भारत के हृदय की गहराई में पैठ गया. बुद्धने मध्यम-मार्ग सिखाया. महावीर ने मध्यस्थ-दृष्टि दी. दोनों दयालु और अहिंसा—धर्मी थे. बुद्ध बोध-प्रधान थे, महावीर वीर्यवान तपस्वी थे।

बुद्ध और महावीर दोनों कर्मवीर थे. लेखन-वृत्ति उनमें नहीं थी. ये निर्ग्रंथ थे. कोई शास्त्र रचना उन्होंने नहीं की. पर वे जो बोलते जाते थे, उसीमें से शास्त्र बनते थे. उनका बोलना सहज होता था. उनकी बिखरी हुई वाणी का संग्रह भी पीछे से लोगों को एकत्र करना पड़ा.

बुद्ध वाणी का एक छोटासा सारभूत संग्रह, धम्मपद के नाम से दो हजार साल पहिले ही हो चुका था, जो बौद्ध-समाज में ही नहीं, बल्कि सारी दुनिया में भगवद्गीता के समान प्रचलित हो गया है. महावीर की वाणी अभी तक जैनों के आगमादि ग्रंथों में, बिखरी पड़ी थी. उसमें से चुन करके, यह एक छोटासा संग्रह, आत्मार्थियों के उपयोग के लिये श्री रिषभदासजी की प्रेरणा से प्रकाशित किया गया है. वैसे तो इस पुस्तक की यह तीसरी आवृत्ति है. पर यह

पुनर्मुद्रण नहीं है, बल्कि परिवर्धित आवृत्ति है जिसमें अधिक व्यापक दृष्टिसे संकलन हुआ है. मेरे सुझाव पर इसमें मूल वचनों के संस्कृत रूपांतर भी दिये हैं. उससे महावीरवाणी समझने में सुलभता होगी।

धम्मपद काल-मान्य हो चुका है. महावीर-वाणी भी हो सकती है, अगर जैन-समाज एक विद्वत्-परिषद के जरिये पूरी छानबीन के साथ, वचनों का और उनके क्रम का निश्चय करके, एक प्रमाणभूत संग्रह लोगों के सामने रक्खे. मेरा जैनसमाज को यह एक विशेष सुझाव है. अगर इस सूचना पर अमल किया गया तो, जैन विचार के प्रचार के लिये, जो पचासों किताबें लिखी जाती है, उनसे अधिक उपयोग इसका होगा.

ऐसा अपौरुषेय संग्रह जब होगा तब होगा, पर तब तक पौरुषेय-संग्रह, व्यक्तिगत प्रयत्न से, जो होंगे वे भी उपयोगी होंगे। "साधक सहचरी" नाम से ऐसा ही एक संग्रह श्री संतबालजी का किया हुआ, प्रकाशित हुआ है. यह दूसरा प्रयत्न है. मैं चाहता हूं कि केवल जैन समाज ही नहीं, पर चित्त-शुद्धि की चाह रखनेवाले, जो जैन संप्रदाय के नहीं हैं वे भी, इसका चिंतन मनन करेंगे.

पड़ाव छपरी (बिहार) ३०-३-५३ —विनोबा

मैं उन्हींका काम कर रहा हूं

"महावीर वाणी मुझे बहुत ही प्रिय लगी है. संस्कृत छाया दे रहे हो उससे उसे समझने में सहूलियत होगी. आज तो मैं बुद्ध और महावीर की छत्र छाया में उन्हींके प्यारे बिहार में घूम रहा हूं और मानता हूं कि उन्हीं का काम मैं कर रहा हूं. इन दिनों 'धम्मपद'की पुस्तक मेरे साथ रहती है. जब महावीर वाणी का आपका नया संस्करण निकलेगा तब वह भी रखूंगा. पढने के लिए मुझे समय मिले या न मिले, कोई चिंता नहीं. ऐसी चीजें नजदीक रहीं तो उनकी संगति से भी बहुत मिल जाता है. वैसे पहेले महावीर–वाणी मैं देख चुका हूं. फिर भी प्रिय वस्तु का पुनर्दर्शन प्रियतर होगा. आजकल सैकड़ों पुस्तकों की हर भाषामें भरमार हो रहीं है. अगर मेरी चले तो बहुत से लेखकों को मैं खेती के काम में लगाना चाहूंगा और गीता, धम्मपद, महावीर-वाणी जैसी चंद किताबों से समाजको उज्जीवन पहुँचाऊँगा।*

पड़ाव : अंबा (गया)

—विनोबा

११–११–५२

---

* ऊपरकी पंक्तियां रांकाजीको लिखे गए एक पत्रसे ली गई है जो उन्होंने 'महावीर–वाणी' पुस्तकके विषयमें लिखी थीं।

ॐ

महावीर वाणी के तृतीयसंस्करण की प्रस्तावना

अध्यापक श्री वेचरदास जीवराज दोशीजी का पत्र, ति. १५–६–१९५३ ई. का मुझे ति. १८–६–'५३को मिला, और नये संस्करणके छपे फ़र्मे भी मिले। द्वितीय की अपेक्षा इसमे जो परिवर्तन किया गया है, अर्थात् कुछ अंश छोड़ दिया है, कुछ बढाया है, उसकी चर्चा, श्रीजमनालालजी जैनने अपने "पुनश्च" शीर्षकके निवेदनमे, किया है; तथा श्रीवेचरदासजीने उक्त पत्रमे अधिक विस्तार से किया है; फलत., प्रथम और द्वितीयमे ३४५ तथा ३४६ गाथा थीं, इसमे ३१४ हैं। 'जातिमदनिवारणसूत्र' जो बढ़ाया है वह बहुत ही अच्छा, शिक्षाप्रद, समयोचित, आवश्यक, समाजशोधक सूक्त है। यदि अन्य प्रमुख जैनाचार्योंकी उक्तियाँ, इसकी टीकाके रूपमे इसके 'परिशिष्ट' के रूपमे, नहीं तो चौथे संस्करणमे, रख दी जायँ तो और अच्छा हो, यथा रविषेण (५ वीँ शती)के 'पद्मचरित'मे,

"मनुष्यजातिरेकैव, जातिनामोद्भवोद्भवा,
वृत्तिभेदाद् हि तद्भेदात् चातुर्वर्ण्यमिहाऽश्नुते।
ब्राह्मणाः व्रतसंस्कारात्, क्षत्रियाः शस्त्रधारणात,
वणिजोऽर्थार्जनात् न्यायात्,शूद्राः न्यग्वृत्तिसंश्रयात्।"

तृतीय संस्करण का एक और श्लाघ्य विशेष गुण यह है कि प्रत्येक श्लोकके नीचे, उस प्राचीन मूल ग्रंथका संकेत कर दिया है जिसमे वह मिलता है, यथा 'उत्तराध्यनसूत्र' 'दशवैकालिकसूत्र', आदि। एक और कार्य, आगामी संस्करणों मे कर्तव्य है; प्रसिद्ध है कि बुद्धदेवने 'धम्मपद'की प्रत्येक गाथा विशेष विशेष अवसर पर कही; उन अवसरों के वर्णन सहित 'धम्मपद'के कोई कोई संस्करण छपे हैं; प्रायः महावीरस्वामीने भी ऐसे अवसरों पर गाथा कही होंगी; उनको भी छापना चाहिये। यह रीति इस देश की बहुत पुरानी है; अति प्राचीन इतिहास, पुराण, रामायण, महाभारत, भागवत आदि मे, अध्यात्मशास्त्र, धर्मशास्त्र, राजशास्त्र, ब्रह्मविद्याके भी, गूढ सिद्धांत, आख्यानकों कथानकोंकी लपेट मे कहे गये हैं, जो उदाहरणो का काम देते हैं, इस प्रकार से, रोचकता के कारण, सिद्धांत ठीक ठीक समझ मे भी आ जाते हैं और स्मृति मे गड़ जाते हैं, कभी भूलते नहीं।

पुस्तकके अंतमें सब गाथाओंका संस्कृत रूपांतर छाप

दिया है, यह भी बहुत उत्तम काम किया है। कालके प्रभावसे, महावीरके समयकी प्राकृत भाषा (यथा उनके समकालीन बुद्धकी पाली) लुप्त हो गई है, किंतु संस्कृत उनसे सहस्रों वर्ष पहिले से आज तक भारत मे पढी, समझी, और विद्वन्मंडली मे कुछ कुछ बोली भी जाती है; अतः इस संस्करणका, उक्त संस्कृत अनुवादके हेतु, उस मंडलीमें अधिक प्रचार और आदर होगा, विशेष कर भारतके उन प्रांतों मे जहां हिन्दी अभी तक समझी नहीं जाती है, यद्यपि भारतके नये संविधान मे उसे 'राष्ट्रभाषा' घोषित कर दिया है। स्मरणीय है कि महावीर निर्वाणके कुछ शतियों बाद, जिनानुयायी धुरंधर प्रकांड विद्वानोंने प्राकृतभाषाका प्रयोग छोड़ दिया; क्योंकि प्राकृत भाषाएँ नित्य बदलती रहती हैं, तथा कालिदासादिके नाटकोंके समय की आठ प्राकृतों मे से एक का भी व्यवहार आज नहीं है; इन विद्वानोंने अपने रचे ग्रंथों को चिरजीविता देने के लिये संस्कृतमें लिखा; यथा, उमास्वामी (द्वितीयशताब्दी ई०)ने नितांत प्रामाणिक 'तत्त्वार्थाधिगमसूत्र', जिसे दिगम्बर श्वेताम्बर दोनों ही मानते हैं; अकलंकने 'राजवार्तिक' नामकी टीका 'तत्त्वार्थाधिगमसूत्र' पर; 'कलिकालसर्वज्ञ' राजगुरु हेमचंद्राचार्य (१२वीं शती)ने 'प्रमाणमीमांसा', 'हैम-बृहदभिधान' नामक संस्कृत शब्दों का कोष, तथा अन्य कई विशालकाय ग्रंथ; हरिभद्र

(९वीँ)ने षड्दर्शनसमुच्चय'; समंतभद्र (६वीँ)ने 'आप्तमीमांसा'; इति प्रभृति।

मुझे यह त्रुटि जान पड़ती है कि इस नये संस्करण का कागज वैसा अच्छा नहीं है जैसा प्रथम संस्करण का था। क्या किया जाय? समयके फेरसे सभी वस्तुओँ के मूल्य मे अतिवृद्धि, एक ओर; पुस्तक इतनी महर्घ न हो जाय कि अल्पवित्त सज्जन क्रय न कर सकेँ, दूसरी ओर; इन दो कठिनाइयोँ के बीच ऐसा करना पड़ा।

दूसरा खेद मुझे यह है की इस श्रेष्ठ ग्रंथ का प्रचार बहुत कम हुआ। सन् १९५१की जनगणना मे, जैनो की संख्या, स्थूल अंकों मे, समग्र भारत मे १३००००० (तेरहलाख)थी; सबसे अधिक बंबई राज्य मे, ५७२०००; फिर राजस्थान मे, ३२८०००; सौराष्ट्र मे, १२४०००; मध्यभारत मे, १००००००; उत्तरप्रदेशमे, ९८०००। तेरहलाख की संख्या प्रायः दो लाख परिवारोँमे बँटी हुई समझी जा सकती है। जैन परिवार प्रायः सभी साक्षर होते हैँ। यदि दो कुलोंके बीच मे भी एक प्रति रहै तो एक लक्ष प्रतियाँ चाहियेँ। सो, पहिले संस्करण की दो सहस्र प्रतियां छपीँ; स्यात् दूसरेकी भी

इतनी ही; इस तीसरे की भी प्राय. इतनी छपैंगी। यह संख्या कथमपि पर्याप्त नहीं है।

छः वर्षों बाद, गत अप्रैल मास मे, विशेष कार्यवश, मुझे कलकत्ता जाना पडा। वहाँ, कुछ जैन सज्जनोके निर्बंधसे २७ अप्रैलको, सुन्दर और विशाल 'जैन उपाश्रयभवन'मे महावीरजयंतीके समारोहका प्रारंभ, एक प्रवचनसे करनेके लिये गया। प्रायः बारह सौ सज्जन और देवियाँ एकत्र थीं। मैने पूछा कि 'महावीरवाणी' आप लोगोंने देखा है? किसीने भी 'हाँ' नहीं कहा। मुझे बहुत आश्चर्य हुआ। कलकत्तामें प्राय. पाँच सहस्र जैन परिवार, जिन मे पचीस सहस्र प्राणी होंगे, निवास करते हैं, ऐसा मुझे बतलाया गया। परमेश्वरकी दयासे और अपनी व्यापारकुशलता और उत्साहसे, जैन सज्जन जैसे साक्षर है वैसे बहुवित्त धनी और कोई कोई कोटिपति भी हैं, यही दशा बंबई, राजस्थान, महाराष्ट्र आदि प्रान्तोंकी है; यदि उनके पास कोई प्रामाणिक सुख्यात सज्जन छपे परिपत्र लेकर जायँ तो निश्चयेन लाखों रुपये इस उत्तम धर्मकार्यके लिये सहज मे मिल जायँ, और एक लाख प्रतियोंका, नहीं तो कमसे कम पचास सहस्र का, उत्तम संस्करण, अच्छे पुष्ट कागज पर और अच्छी पुष्ट कपडे की जिल्द का, छप जाय, जैसा प्रथम

संस्करण का था जो सस्ता–साहित्य–मंडल, नई दिल्ली से निकला था। जैन समाजने अबों रुपये सुंदरसे सुन्दर मंदिरों और मूर्तियाँ पर व्यय किया है; महावीर जिनके उपदेश आदेशके प्रचारके लिये लाखों रुपये व्यय करना उसके लिये क्या कठिन है?

श्रीवेचरदासजीके, ति. २९–६–१९५२के पोस्टकार्डसे विदित हुआ कि गुजरात युनिवर्सिटीने, प्राकृतभाषा के पाठ्यक्रममें, 'इन्टर' वर्गके लिये, महावीरवाणी को रख दिया है; यह बहुत सभाजनीय अभिनंदनीय काम किया है; इससे भी ग्रंथके प्रचार मे बहुत सहायता मिलैगी।

सौर १९ आषाढ, २०१० वि०
(जूलाई, ३ १९५३ ई०)

(डाक्टर) **भगवान्दास**
"शांतिसदन", सिग्रा, **बनारस–२**

॥ श्री चाँदमलजी - मूलचन्दजी - खूबचन्दजी
सेठिया – सुजानगढ़ – द्वारा प्रदत्त ॥

महावीर-वाणी

: १ :

मंगल-सुत्तं

नमोक्कारो

नमो अरिहंताणं ।
नमो सिद्धाणं ।
नमो आयरियाणं ।
नमो उवज्झायाणं ।
नमो लोए सव्वसाहूणं ।
एसो पंच नमुक्कारो, सव्वपावप्पणासणो ।
मंगलाणं च सव्वेसि, पढम हवइ मंगलं ॥

[पचप्रति० सू० १

मंगल

अरिहंता मंगलं ।
सिद्धा मंगलं ।
साहू मंगल ।
केवलिपन्नत्तो धम्मो मंगल ।

[पचप्रति० संथारा० सू०]

: १ :

मङ्गल-सूत्र

नमस्कार

अर्हन्तों को नमस्कार,
सिद्धों को नमस्कार;
आचार्यों को नमस्कार,
उपाध्यायों को नमस्कार,
लोक (संसार) में सब साधुओं को नमस्कार।

—यह पञ्च नमस्कार समस्त पापों का नाश करनेवाला है, और सब मङ्गलों में प्रथम (मुख्य) मङ्गल है।

मङ्गल

अर्हन्त मङ्गल है,
सिद्ध मङ्गल है;
साधु मङ्गल है,
केवली-प्ररूपित अर्थात् सर्वज्ञ-कथित धर्म मङ्गल है।

लोगुत्तमा

अरिहंता लोगुत्तमा ।
सिद्धा लोगुत्तमा ।
साहू लोगुत्तमा ।
केवलिपन्नत्तो धम्मो लोगुत्तमो ।

[पंचप्रति० संथारा० सू०]

सरणं

अरिहंते सरणं पवज्जामि ।
सिद्धे सरणं पवज्जामि ।
साहू सरणं पवज्जामि ।
केवलिपन्नत्तं धम्मं सरणं पवज्जामि ।

[पंचप्रति० संथारा० सू०]

लोकोत्तम

अर्हन्त लोकोत्तम (संसार में श्रेष्ठ) हैं;
सिद्ध लोकोत्तम हैं,
साधु लोकोत्तम हैं;
केवली-प्ररूपित धर्म लोकोत्तम है ।

शरण

अर्हन्त की शरण स्वीकार करता हूँ,
सिद्धों की शरण स्वीकार करता हूँ;
साधुओं की शरण स्वीकार करता हूँ,
केवली-प्ररूपित धर्म की शरण स्वीकार करता हूँ ।

:२:

धम्म-सुत्तं

(१)

धम्मो मंगलमुक्किट्ठं अहिंसा संजमो तवो।
देवा वि तं नमंसन्ति जस्स धम्मे सया मणो ॥ १ ॥

[दश० अ० १ गा० १]

(२)

अहिंस सच्चं च अतेणगं च,
तत्तो य बम्भं अपरिग्गहं च।
पडिवज्जिया पंच महव्वयाणि,
चरिज्ज धम्मं जिणदेसियं विदू ॥ २ ॥

[उत्तरा० अ० २१ गा० १२]

(३)

पाणे य नाइवाएज्जा, अदिन्नं पि य नायए।
साइयं न मुसं वूया, एस धम्मे वुसीमओ ॥ ३ ॥

[सू० श्रु० १ अ० ८ गा० १६]

(४)

जरामरणवेगेणं, वुज्झमाणाण पाणिणं।
धम्मो दीवो पइट्ठा य, गई सरणमुत्तमं ॥ ४ ॥

[उत्तरा० अ० २३ गा० ६८]

(५)

जहा सागडिओ जाणं, समं हिच्चा महापहं।
विसम मग्गमोइण्णो, अक्खे भग्गम्मि सोयई ॥ ५ ॥

[उत्तरा० अ० ५ गा० १४]

(६)

एवं धम्मं विउक्कम्म, अहम्मं पडिवज्जिया।
बाले मच्चुमुहं पत्ते, अक्खे भग्गे व सोयई ॥ ६ ॥

[उत्तरा० अ० ५ गा० १५]

(७)

जा जा वच्चइ रयणी, न सा पडिनियत्तई।
अहम्मं कुणमाणस्स, अफला जन्ति राइओ ॥ ७ ॥

[उत्तरा० अ० १४ गा० २४]

(८)

जा जा वच्चइ रयणी, न सा पडिनियत्तई।
धम्म च कुणमाणस्स, सफला जन्ति राइओ ॥ ८ ॥

[उत्तरा० अ० १४ गा० २५]

(९)

जरा जाव न पीडेइ,, वाही जाव न वड्ढइ।
जाविंदिया न हायंति, ताव धम्मं समायरे ॥ ९ ॥

[दश० अ० ८ गा० ३६]

(५)

जिस प्रकार मूर्ख गाड़ीवान जान बूझकर साफ सुथरे राज-मार्ग को छोड़ विषम (ऊँचे-नीचे, ऊबड़-खाबड़) मार्ग पर जाता है और गाड़ी की धुरी टूट जाने पर शोक करता है—

(६)

उसी प्रकार मूर्ख मनुष्य धर्म को छोड़ अधर्म को ग्रहण कर, अन्त में मृत्यु के मुँह में पड़कर जीवन की धुरी टूट जाने पर शोक करता है।

(७)

जो रात और दिन एक बार अतीत की ओर चले जाते हैं, वे फिर कभी वापस नहीं आते, जो मनुष्य अधर्म (पाप) करता है, उसके वे रात-दिन बिल्कुल निष्फल जाते हैं।

(८)

जो रात और दिन एक बार अतीत की ओर चले जाते हैं, वे फिर कभी वापस नहीं आते, जो मनुष्य धर्म करता है उसके वे रात और दिन सफल हो जाते हैं।

(९)

जबतक बुढ़ापा नहीं सताता, जबतक व्याधियाँ नहीं बढ़तीं, जबतक इन्द्रियाँ हीन (अशक्त) नहीं होतीं, तबतक धर्म का आचरण कर लेना चाहिये—बाद में कुछ नहीं होने का।

(१०)

मरिहिसि रायं ! जया तया वा,
मणोरमे कामगुणे विहाय ।
इक्को हु धम्मो नरदेव ! ताणं,
न विज्जई अन्नमिहेह किंचि ॥ १० ॥

[उत्तरा० अ० १४ गा० ४०]

(१०)

हे राजन् ! जब आप इन मनोहर काम-भोगों को छोड़कर पर-लोक के यात्री बनेंगे, तब एक-मात्र धर्म ही आपकी रक्षा करेगा। हे नरदेव ! धर्म को छोड़कर जगत् में दूसरा कोई भी रक्षा करने वाला नहीं है।

: ३ :

अहिंसा-सुत्तं

(११)

तत्थिमं पढमं ठाणं, महावीरेण देसियं ।
अहिंसा निउणा दिट्ठा, सव्वभूएसु संजमो ॥ १ ॥

[दश० अ० ६ गा० ६]

(१२)

जावन्ति लोए पाणा, तसा अदुवा थावरा ।
ते जाणमजाणं वा, न हणे नो वि घायए ॥ २ ॥

[दश अ० ६ गा० १०]

(१३)

सयं तिवायए पाणे, अदुवऽन्नेहिं घायए ।
हणन्तं वाऽणुजाणाइ, वेरं वड्ढइ अप्पणो ॥ ३ ॥

[सूत्र० श्रु० १ अ० १ उ० १ गा० ३]

(१४)

जगनिस्सिएहिं भूएहिं, तसनामेहिं थावरेहिं च ।
नो तेसिमारभे दंडं, मणसा वयसा कायसा चेव ॥ ४ ॥

[उत्तरा० अ० ८ गा० १८]

: ३ :

अहिंसा-सूत्र

(११)

भगवान महावीर ने अठारह धर्म-स्थानों में सबसे पहला स्थान अहिंसा का बतलाया है।

सब जीवों के साथ संयम से व्यवहार रखना अहिंसा है; वह सब सुखों को देनेवाली मानी गई है।

(१२)

संसार में जितने भी त्रस और स्थावर प्राणी हैं उन सब को, जान और अनजान में न स्वयं मारना चाहिए और न दूसरों से मरवाना चाहिए।

(१३)

जो मनुष्य प्राणियों की स्वयं हिंसा करता है, दूसरों से हिंसा करवाता है और हिंसा करनेवालों का अनुमोदन करता है, वह संसार में अपने लिये वैर को बढ़ाता है।

(१४)

संसार में रहनेवाले त्रस और स्थावर जीवों पर, मन से, वचन से और शरीर से,—किसी भी तरह दंड का प्रयोग न करना चाहिए।

(१५)

सव्वे जीवा वि इच्छंति, जीविउं न मरिज्जिउं ।
तम्हा पाणिवहं घोरं, निग्गंथा वज्जयंति णं ॥ ५ ॥

[दश० अ० ६ गा० ११]

(१६)

अज्झत्थं सव्वओ सव्वं दिस्स, पाणे पियायए ।
न हणे पाणिणो पाणे, भयवेराओ उवरए ॥ ६ ॥

[उत्तरा० अ० ६ गा० ७]

(१७)

सव्वाहिं अणुजुत्तीहिं, मईमं पडिलेहिया ।
सव्वे अक्कन्तदुक्खा य, अओ सव्वे न हिंसया ॥ ७ ॥

[सूत्र० श्रु० १ अ० ११ गा० ९]

(१८)

एवं खु नाणिणो सारं, ज न हिंसइ किंचण ।
अहिंसासमय चेव एयावन्तं वियाणिया ॥ ८ ॥

[सूत्र० श्रु० १ अ० ११ गा० १०]

(१५)

सभी जीव जीना चाहते हैं, मरना कोई नहीं चाहता। इसीलिए निर्ग्रन्थ (जैन मुनि) घोर प्राणि-वध का सर्वथा परित्याग करते हैं।

(१६)

भय और वैर से निवृत्त साधकको, जीवन के प्रति मोह-ममता रखनेवाले सब प्राणियों को सर्वत्र अपनी ही आत्मा के समान जानकर उनकी कभी भी हिंसा न करनी चाहिए।

(१७)

बुद्धिमान् मनुष्य छहों जीव-निकायों का सब प्रकार की युक्तियों से सम्यक्ज्ञान प्राप्त करे और 'सभी जीव दुःख से घबराते हैं'—ऐसा जानकर उन्हें दुःख न पहुँचाये।

(१८)

ज्ञानी होने का सार ही यह है कि वह किसी भी प्राणी की हिंसा न करे। —इतना ही अहिंसा के सिद्धान्त का ज्ञान यथेष्ट है। यही अहिंसाका विज्ञान है।

(१६)

सवुज्झमाणे उ नरे मईम,
पावाउ अप्पाणं निवट्टएज्जा ।
हिंसप्पसूयाइं दुहाइ मत्ता,
वेरानुवन्धीणि महब्भयाणि ॥ ६ ॥

[सूत्र० श्रु० १ अ० १८ गा० २१]

(२०)

समया सव्वभूएसु, सत्तु-मित्तेसु वा जगे ।
पाणाइवायविरई, जावज्जीवाए दुक्करं ॥ १० ॥

[उत्तरा अ० १६ गा० २५]

(१९)

सम्यक् बोध को जिसने प्राप्त कर लिया वह बुद्धिमान् मनुष्य हिंसा से उत्पन्न होनेवाले वैर-वर्द्धक एवं महाभयंकर दुःखों को जानकर अपने को पाप-कर्म से बचाये।

(२०)

११] संसार में प्रत्येक प्राणी के प्रति—फिर वह शत्रु हो या मित्र - समभाव रखना, तथा जीवन-पर्यन्त छोटी-मोटी सभी प्रकार की हिंसा का त्याग करना—वास्तव में बहुत दुष्कर है।

१२]

सच्च-सुत्तं

(२१)

निच्चकालऽप्पमत्तेण, मुसावायविवज्जणं ।
भासियव्व हियं सच्च, निच्चाऽऽउत्तेण दुक्कर ॥१॥

[उत्तरा० अ० १६ गा० २६]

(२२)

अप्पणट्ठा परट्ठा वा, कोहा वा जइ वा भया ।
हिंसगं न मुसं बूया, नो वि अन्नं वयावए ॥२॥

[दश० अ० ६ गा० १२]

(२३)

मुसावाओ य लोगम्मि, सव्वसाहूहि गरहिओ ।
अविस्सासो य भूयाणं, तम्हा मोसं विवज्जए ॥३॥

[दश० अ० ६ गा० १३]

(२४)

न लवेज्ज पुट्ठो सावज्ज, न निरट्ठं न मम्मयं ।
अप्पणट्ठा परट्ठा वा, उभयस्सन्तरेण वा ॥४॥

[उत्तरा० अ० १ गा० २५]



:४:

सत्य-सूत्र

(२१)

सदा अ-प्रमादी और सावधान रहकर, असत्य को त्याग कर, हितकारी सत्य वचन ही बोलना चाहिए। इस तरह सत्य बोलना बड़ा कठिन होता है।

(२२)

अपने स्वार्थ के लिए, अथवा दूसरों के लिए, क्रोध से अथवा भय से—किसी भी प्रसंग पर दूसरों को पीड़ा पहुँचानेवाला असत्य वचन न तो स्वयं बोलना, न दूसरों से बुलवाना चाहिए।

(२३)

मृषावाद (असत्य) संसार में सभी सत्पुरुषों द्वारा निन्दित ठहराया गया है और सभी प्राणियों को अविश्वसनीय है; इसलिए मृषावाद सर्वथा छोड़ देना चाहिए।

(२४)

अपने स्वार्थ के लिए, अथवा दूसरों के लिए, दोनों में से किसी के भी लिए, पूछने पर पाप-युक्त, निरर्थक एवं कर्म-बंधक वचन नहीं बोलना चाहिए।

(२५)

तहेव सावज्जऽणुमोयणी गिरा,
　ओहारिणी जा य परोवघायणी ।
से कोह लोह भय हास माणवो,
　न हासमाणो वि गिरं वएज्जा ॥५॥

[दश० अ० ७ गा० ५४]

(२६)

दिट्ठं मियं असंदिद्धं, पडिपुण्णं वियंजियं ।
अयंपिरमणुव्विग्गं, भासं निसिर अत्तवं ।।६॥

[दश० अ० ८ गा० ४६]

(२७)

भासाए दोसे य गुणे य जाणिया,
　तीसे य दुट्ठे परिवज्जए सया ।
छसु संजए सामणिए सया जए,
　वएज्ज बुद्धे हियमाणुलोमियं ॥७॥

[दश० अ० ७ गा० ५६]

(२८)

सयं समेच्च अदुवा वि सोच्चा,
　भासेज्ज धम्मं हियं पयाणं ।
जे गरहिया सणियाणप्पओगा,
　न ताणि सेवन्ति सुधीरधम्मा ॥८॥

[सूत्र० श्रु० १ अ० १३ गा० १९]

(२५)

श्रेष्ठ साधु पापकारी, निश्चयकारी और दूसरों को दुःख पहुँचानेवाली वाणी न बोले।

श्रेष्ठ मानव इसी तरह क्रोध, लोभ, भय और हास्य में भी पापकारी वाणी न बोले। हँसते हुए भी पाप-वचन नहीं बोलना चाहिए।

(२६)

आत्मार्थी साधक को दृष्ट (सत्य), परिमित, असंदिग्ध, परिपूर्ण, स्पष्ट-अनुभूत वाचालता-रहित, और किसी को भी उद्विग्न न करनेवाली वाणी बोलना चाहिए।

(२७)

भाषा के गुण तथा दोषों को भली-भाँति जानकर दूषित भाषा को सदा के लिए छोड़ देनेवाला, षट्काय जीवों पर संयत रहनेवाला, तथा साधुत्व-पालन में सदा तत्पर बुद्धिमान साधक केवल हितकारी मधुर भाषा बोले।

(२८)

श्रेष्ठ धीर पुरुष स्वयं जानकर अथवा गुरुजनों से सुनकर प्रजा का हित करनेवाले धर्म का उपदेश करे। जो आचरण निन्द्य हों, निदानवाले हों, उनका कभी सेवन न करे।

(२९)

सवक्कसुद्धिं समुपेहिया मुणी,
गिरं च दुट्ठं परिवज्जए सया ।
मियं अदुट्ठं अणुवीइ भासए,
सयाण मज्झे लहई पसंसणं ॥९॥
[दश० अ० ७ गा० ५५]

(३०)

तहेव काणं काणे त्ति, पंडगं पंडगे त्ति वा ।
वाहियं वा वि रोगि त्ति, तेणं चोरे त्ति नो वए ॥१०॥
[दश० अ० ७ गा० १२]

(३१)

वितहं वि तहामुत्ति, ज गिरं भासए नरो ।
तम्हा सो पुट्ठो पावेणं, किं पुण जो मुसं वए ? ॥११॥
[दश० अ० ७ गा० ५]

(३२)

तहेव फरुसा भासा, गुरुभूओवघाइणी ।
सच्चा वि सा न वत्तव्वा, जओ पावस्स आगमो ॥१२॥
[दश० अ० ७ गा० ११]

(२९)

विचारवान मुनि को वचन-शुद्धि का भली-भांति ज्ञान प्राप्त करके दूषित वाणी सदा के लिए छोड़ देनी चाहिए और खूब सोच-विचार कर बहुत परिमित और निर्दोष वचन बोलना चाहिए। इस तरह बोलने से सत्पुरुषों में महान् प्रशंसा प्राप्त होती है।

(३०)

काने को काना, नपुंसक को नपुंसक, रोगी को रोगी और चोर को चोर कहना यद्यपि सत्य है, तथापि ऐसा नहीं कहना चाहिए। (क्योंकि इससे उन व्यक्तियों को दुःख पहुँचता है।)

(३१)

जो मनुष्य भूलसे भी मूलतः असत्य, किन्तु ऊपर से सत्य मालूम होनेवाली भाषा बोल उठता है, और वह भी पापसे अछूता नहीं रहता, तब भला जो जान-बूझकर असत्य बोलता है, उसके पाप का तो कहना ही क्या!

(३२)

जो भाषा कठोर हो, दूसरों को भारी दुःख पहुँचानेवाली हो—वह सत्य ही क्यों न हो—नहीं बोलनी चाहिए। क्योंकि उससे पाप का आस्रव होता है।

: ५ :

अतेणग-सुत्तं

(३३)

चित्तमंतमचित्तं वा, अप्पं वा जइ वा बहुं ।
दंतसोहणमित्तं पि, उग्गहं से अजाइया ॥१॥

[दश० अ० ६ गा० १४]

(३४)

तं अप्पणा न गिण्हति, नो वि गिण्हावए परं ।
अन्नं वा गिण्हमाणं पि, नाणुजाणंति संजया ॥२॥

[दश० अ० ६ गा० १५]

(३५)

उड्ढं अहे य तिरियं दिसासु,
तसा य जे थावर जे य पाणा ।
हत्थेहिं पाएहिं य संजमित्ता,
अदिन्नमन्नेसु य नो गहेज्जा ॥३॥

[सूत्र० श्रु० १ अ० १० गा० २]

(३६)

तिव्वं तसे पाणिणो थावरे य,
जे हिंसति आयसुहं पडुच्च ।
जे लूसए होइ अदत्तहारी,
ण सिक्खई सेयवियस्स किंचि ॥४॥

[सूत्र० श्रु० १ अ० ५ उ० १ गा० ४]

: ५ :

अस्तेनक-सूत्र

(३३-३४)

पदार्थ सचेतन हो या अचेतन, अल्प हो या बहुत और तो क्या, दाँत कुरेदने की सींक भी जिस गृहस्थ के अधिकार में हो उसकी आज्ञा लिये बिना पूर्ण-संयमी साधक न तो स्वयं ग्रहण करते हैं, न दूसरों को ग्रहण करने के लिये प्रेरित करते हैं, और न ग्रहण करने वालों का अनुमोदन ही करते हैं।

(३५)

ऊँची, नीची और तिरछी दिशा में जहाँ कहीं भी जो त्रस और स्थावर प्राणी हों उन्हें संयम से रह कर अपने हाथों से, पैरों से,—किसी भी अंग से पीड़ा नहीं पहुँचानी चाहिये। दूसरों की बिना दी हुई वस्तु भी चोरी से ग्रहण नहीं करनी चाहिए।

(३६)

जो मनुष्य अपने सुख के लिये त्रस तथा स्थावर प्राणियों की क्रूरता-पूर्वक हिंसा करता है—उन्हें अनेक तरह से कष्ट पहुँचाता है, जो दूसरों की चोरी करता है, जो आदरणीय व्रतों का कुछ भी पालन नहीं करता, (वह भयंकर क्लेश उठाता है)।

(३७)

दन्तसोहणमाइस्स, अदत्तस्स विवज्जणं ।
अणवज्जेसणिज्जस्स, गिण्हणा अवि दुक्करं ॥५॥

[उत्तरा० अ० १६ गा० २७]

(३७)

दाँत कुरेदने की सींक आदि तुच्छ वस्तुएँ भी बिना दिए चोरी से न लेना, (बड़ी चीजों को चोरी से लेने की तो बात ही क्या ?) निर्दोष एवं एषणीय भोजन-पान भी दाता के यहाँ से दिया हुआ लेना, यह बड़ी दुष्कर बात है।

: ६ :

बंभचरिय-सुत्त

(३८)

विरई अबंभचेरस्स, कामभोगरसन्नुणा ।
उग्ग महव्वयं बंभ, धारेयव्वं सुदुक्कर ॥१॥

[उत्तरा० अ० १६ गा० २८]

(३९)

अबंभचरियं घोरं, पमायं दुरहिट्ठियं ।
नाऽऽयरन्ति मुणी लोए, भेयायययणवज्जिणो ॥२॥

[दश० अ ६ गा० १६]

(४०)

मूलमेयमहम्मस्स महादोससमुस्सयं ।
तम्हा मेहुणसंसग्ग, निग्गंथा वज्जयन्ति णं ॥३॥

[दश० अ० ६ गा० १७]

(४१)

विभूसा इत्थिसंसग्गो, पणीयं रसभोयणं ।
नरस्सऽत्तगवेसिस्स, विसं तालउडं जहा ॥४॥

[दश० अ० ८ गा० ५७]

: ६ :

ब्रह्मचर्य-सूत्र

(३८)

काम-भोगो का रस जान लेनेवाले के लिए अ-ब्रह्मचर्य से विरक्त होना और उग्र ब्रह्मचर्य महाव्रत का धारण करना, बडा कठिन कार्य है।

(३९)

जो मुनि सयम-घातक दोषों से दूर रहते हैं, वे लोक मे रहते हुए भी दुःसेव्य, प्रमाद-स्वरूप और भयकर अ-ब्रह्मचर्य का कभी सेवन नहीं करते।

(४०)

यह अ-ब्रह्मचर्य अधर्म का मूल है, महा-दोषों का स्थान है इसलिए निर्ग्रन्थ मुनि मैथुन-संसर्ग का सर्वथा परित्याग करते हैं।

(४१)

आत्म-शोधक मनुष्य के लिए शरीर का शृंगार, स्त्रियों का ससर्ग और पौष्टिक स्वादिष्ट भोजन—सब तालपुट विष के समान महान् भयकर हैं।

(४२)

न रूवलावण्णविलासहास,
न जंपियं इंगिय-पेहियं वा ।
इत्थीण चित्तंसि निवेसइत्ता,
दट्ठुं ववस्से समणे तवस्सी ॥५॥

[उत्तरा० अ० ३२ गा० १४]

(४३)

अदंसणं चेव अपत्थणं च,
अचिंतणं चेव अकित्तणं च ।
इत्थीजणस्साऽऽरियझाणजुग्गं,
हियं सया बंभवए रयाणं ॥६॥

[उत्तरा० अ० ३२ गा० १५]

(४४)

मणपल्हायजणणी, कामरागविवड्ढणी ।
बंभचेररओ भिक्खू, थीकहं तु विवज्जए ॥७॥

[उत्तरा० अ० १६ गा० २]

(४५)

समं च संथवं थीहि, संकहं च अभिक्खणं ।
बंभचेररओ भिक्खू, निच्चसो परिवज्जए ॥८॥

[उत्तरा० अ० १६ गा० ३]

(४२)

श्रमण तपस्वी स्त्रियों के रूप, लावण्य, विलास, हास्य, मधुर-वचन, संकेत-चेष्टा, हाव-भाव और कटाक्ष आदि का मनमें तनिक भी विचार न लाये, और न इन्हें देखने का कभी प्रयत्न करे।

(४३)

स्त्रियों को राग-पूर्वक देखना उनकी अभिलाषा करना, उनका चिन्तन करना, उनका कीर्तन करना, आदि कार्य ब्रह्मचारी पुरुष को कदापि नहीं करने चाहिए। ब्रह्मचर्य व्रत में सदा रत रहने की इच्छा रखनेवाले पुरुषों के लिए यह नियम अत्यन्त हितकर है, और उत्तम ध्यान प्राप्त करने में सहायक है।

(४४)

ब्रह्मचर्य में अनुरक्त भिक्षु को मनमें वैषयिक आनन्द पैदा करनेवाली तथा काम-भोग की आसक्ति बढ़ानेवाली स्त्री-कथा को छोड़ देना चाहिए।

(४५)

ब्रह्मचर्य-रत भिक्षु को स्त्रियों के साथ बात-चीत करना और उनसे बार-बार परिचय प्राप्त करना सदा के लिए छोड़ देना चाहिये।

(४६)

अंगपच्चंगसंठाणं, चारुल्लवियपेहियं ।
बंभचेररओ थीणं, चक्खुगिज्झं विवज्जए ॥९॥

[उत्तरा० अ० १६ गा० ४]

(४७)

कूइयं रुइयं गीयं, हसियं थणिय-कन्दियं ।
बंभचेररओ थीणं, सोयगिज्झं विवज्जए ॥१०॥

[उत्तरा० अ० १६ गा० ५]

(४८)

हासं किड्डं रइं दप्पं, सहसाऽवत्तासियाणि य ।
बंभचेररओ थीणं, नाणुचिन्ते कयाइ वि ॥११॥

[उत्तरा० अ० १६ गा० ६]

(४९)

पणीयं भत्तपाणं तु खिप्पं मयविवड्ढणं ।
बंभचेररओ भिक्खू, निच्चसो परिवज्जए ॥१२॥

[उत्तरा० अ० १६ गा० ७]

(५०)

धम्मलद्धं मियं काले, जत्तत्थं पणिहाणवं ।
नाइमत्तं तु भुंजेज्जा, बंभचेररओ सया ॥१३॥

[उत्तरा० अ० १६ गा० ८]

(४६)

ब्रह्मचर्य-रत भिक्षु को न तो स्त्रियों के अङ्ग-प्रत्यङ्गों की सुन्दर आकृति की ओर ध्यान देना चाहिए, और न आँखों में विकार पैदा करनेवाले हाव-भावों और स्नेह-भरे मीठे वचनों की ही ओर।

(४७)

ब्रह्मचर्य-रत भिक्षु को स्त्रियों का कूजन (अव्यक्त आवाज) रोदन, गीत, हास्य, सीत्कार और करुण-क्रन्दन—जिनके सुनने पर विकार पैदा होते हैं—सुनना छोड़ देना चाहिए।

(४८)

ब्रह्मचर्य-रत भिक्षु स्त्रियों के पूर्वानुभूत हास्य, क्रीड़ा, रति, दर्प, सहसा-विक्रमण आदि कार्यों को कभी भी स्मरण न करे।

(४९)

ब्रह्मचर्य-रत भिक्षु को शीघ्र ही वासना-वर्धक पुष्टि-कारक भोजन-पान का सदा के लिए परित्याग कर देना चाहिए।

(५०)

ब्रह्मचर्य-रत स्थिर-चित्त भिक्षु को संयम-यात्रा के निर्वाह के लिए हमेशा धर्मानुकूल विधि से प्राप्त परिमित भोजन ही करना चाहिए। कैसी ही भूख क्यों न लगी हो, लालच-वश अधिक मात्रा में कभी भोजन नहीं करना चाहिए।

(५१)

जहा दवग्गी पउरिन्धणे वणे,
समारुओ नोवसमं उवेइ
एविन्दियग्गी वि पगामभोइणो.
न बम्भयारिस्स हियाय कस्सई ॥१४॥

[उत्तरा० अ० ३२ गा० ११]

(५२)

विभूसं परिवज्जेज्जा, सरीरपरिमंडणं ।
बंभचेररओ भिक्खू, सिंगारत्थं न धारए ॥१५॥

[उत्तरा० अ० १६ गा० ६]

(५३)

सद्दे रूवे य गन्धे य, रसे फासे तहेव य ।
पंचविहे कामगुणे, निच्चसो परिवज्जए ॥१६॥

[उत्तरा० अ० १६ गा० १०]

(५४)

दुज्जए कामभोगे य, निच्चसो परिवज्जए ।
संकट्ठाणाणि सव्वाणि, वज्जेज्जा पणिहाणवं ॥१७॥

[उत्तरा० अ० १६ गा० १४]

(४१)

जैसे बहुत ज्यादा ईंधनवाले जङ्गल में पवन से उत्तेजित दावाग्नि शान्त नहीं होती, उसी तरह मर्यादा से अधिक भोजन करनेवाले ब्रह्मचारी की इंद्रियाग्नि भी शान्त नहीं होती। अधिक भोजन किसी को भी हितकर नहीं होता।

(४२)

ब्रह्मचर्य-रत भिक्षु को शृंगार के लिए, शरीर की शोभा और सजावट का कोई भी अङ्गारी काम नहीं करना चाहिये।

(४३)

ब्रह्मचारी भिक्षु को शब्द, रूप, गन्ध, रस और स्पर्श—इन पाँच प्रकार के काम-गुणों को सदा के लिये छोड़ देना चाहिये।

(४४)

स्थिर-चित्त भिक्षु, दुर्जय काम-भोगों को हमेशा के लिए छोड़ दे। इतना ही नहीं, जिनसे ब्रह्मचर्य में तनिक भी क्षति पहुँचनेकी सम्भावना हो, उन सब शङ्का-स्थानों का भी उसे, परित्याग कर देना चाहिए।

(५५)

कामाणुगिद्धिप्पभवं खु दुक्खं,
सव्वस्स लोगस्स सदेवगस्स ।
जं काइयं माणसियं च किंचि,
तस्सऽन्तगं गच्छई वीयरागो ॥१८॥

[उत्तरा० अ० ३२ गा० १९]

(५६)

देवदाणवगन्धव्वा, जक्खरक्खसकिन्नरा ।
बंभयारिं नमसन्ति, दुक्करं जे करेन्ति तं ॥१९॥

[उत्तरा० अ० १६ गा० १६]

(५७)

एस धम्मे धुवे निच्चे, सासए जिणदेसिए ।
सिद्धा सिज्झन्ति चाणेणं, सिज्झिस्सन्ति तहा परे ॥२०॥

[उत्तरा० अ० १६ गा० १७]

(५५)

देवलोक सहित समस्त संसार के शारीरिक तथा मानसिक सभी प्रकार के दुःख का मूल एक-मात्र काम-भोगों की वासना ही है। जो साधक इस सम्बन्ध में वीतराग हो जाता है, वह शारीरिक तथा मानसिक सभी प्रकार के दुःखों से छूट जाता है।

(५६)

जो मनुष्य इस प्रकार दुष्कर ब्रह्मचर्य का पालन करता है, उसे देव, दानव, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस और किन्नर आदि सभी नमस्कार करते हैं।

(५७)

यह ब्रह्मचर्य धर्म ध्रुव है, नित्य है, शाश्वत है और जिनोपदिष्ट है। इसके द्वारा पूर्वकाल में कितने ही जीव सिद्ध हो गये हैं, वर्तमान में हो रहे हैं, और भविष्य में होंगे।

: ७ :

अपरिग्रह-सूत्र

(५८)

प्राणि-मात्र के संरक्षक ज्ञातपुत्र (भगवान् महावीर) ने कुछ वस्त्र आदि स्थूल पदार्थों को परिग्रह नहीं बतलाया है। वास्तविक परिग्रह तो उन्होंने किसी भी पदार्थ पर मूर्च्छा का—आसक्ति का रखना बतलाया है।

(५९)

पूर्ण-संयमी को धन-धान्य और नौकर-चाकर आदि सभी प्रकार के परिग्रहों का त्याग करना होता है। समस्त पाप-कर्मों का परित्याग करके सर्वथा निर्ममत्व होना तो और भी कठिन बात है।

(६०)

जो संयमी ज्ञातपुत्र (भगवान् महावीर) के प्रवचनों में रत हैं, वे बिड़ और उद्भेद्य आदि नमक तथा तेल, घी, गुड़ आदि किसी भी वस्तु के संग्रह करने का मन में संकल्प तक नहीं करते।

(६१)

परिग्रह-विरक्त मुनि जो भी वस्त्र, पात्र, कम्बल और रजोहरण आदि वस्तुएँ रखते हैं, वे सब एक-मात्र संयम की रक्षा के लिए ही रखते हैं—काम में लाते हैं। (इनके रखने में किसी प्रकार की आसक्ति का भाव नहीं है।)

: ७ :

अप्परिग्गह-सुत्तं

(५८)

न सो परिग्गहो वुत्तो, नायपुत्तेण ताइणा ।
मुच्छा परिग्गहो वुत्तो, इइ वुत्तं महेसिणा ॥१॥

[दश० अ० ६ गा० २१]

(५९)

धण-धन्न-पेसवग्गेसु, परिग्गहविवज्जणं ।
सव्वारंभ-परिच्चाओ, निम्ममत्तं सुदुक्करं ॥२॥

[उत्तरा० अ० १९ गा० २९]

(६०)

विडमुब्भेइमं लोणं, तेल्लं सप्पिं च फाणियं ।
न ते सन्निहिमिच्छन्ति, नायपुत्त-वओरया ॥३॥

[दश० अ० ६ गा० १८]

(६१)

जं पि वत्थं च पायं वा, कंबलं पायपुंछणं ।
न पि संजमलज्जट्ठा, धारेन्ति परिहरन्ति य ॥४॥

[दश० अ० ६ गा० २०]

(६२)

ज्ञानी पुरुष, संयम-साधक उपकरणों के लेने और रखने में कहीं भी किसी भी प्रकार का ममत्व नहीं करते। और तो क्या, अपने शरीर तक पर भी ममता नहीं रखते।

(६३)

संग्रह करना, यह/अन्दर रहनेवाले लोभ की झलक है। अतएव मैं मानता हूँ कि जो साधु मर्यादा-विरुद्ध कुछ भी संग्रह करना चाहता है, वह गृहस्थ है—साधु नहीं है।

अराइभोयण-सुत्तं

(६४)

अत्थंगयंमि आइच्चे, पुरत्था य अणुग्गए ।
आहारमाइयं सव्वं, मणसा वि न पत्थए ॥१॥

[दश० अ० ८ गा० २८]

(६५)

सन्तिमे सुहुमा पाणा, तसा अदु व थावरा ।
जाइं राओ अपासंतो, कहमेसणियं चरे ? ॥२॥

[दश० अ० ६ गा० २४]

(६६)

उदउल्लं बीयसंसत्तं, पाणा निव्वडिया महिं ।
दिया ताइं विवज्जेज्जा, राओ तत्थ कहं चरे ? ॥३॥

[दश० अ० ६ गा० २५]

(६७)

एयं च दोसं दट्ठूणं, नायपुत्तेण भासियं ।
सव्वाहारं न भुंजंति, निग्गंथा राइभोयणं ॥४॥

[दश० अ० ६ गा० २६]

८.

अरात्रि-भोजन-सूत्र

(६४)

सूर्य के उदय होने से पहले और सूर्य के अस्त हो जाने के बाद निर्ग्रन्थ मुनि को सभी प्रकार के भोजन-पान आदि की मन मे भी इच्छा नहीं करनी चाहिए।

(६५)

संसार में बहुत से त्रस और स्थावर प्राणी बड़े ही सूक्ष्म होते हैं—वे रात्रि में देखे नहीं जा सकते; तब रात्रि में भोजन कैसे किया जा सकता है?

(६६)

ज़मीन पर कहीं पानी पड़ा होता है; कहीं बीज बिखरे होते हैं, और कहीं पर सूक्ष्म कीड़े-मकोड़े आदि जीव होते हैं। दिन में तो उन्हें देख-भालकर बचाया जा सकता है, परन्तु रात्रि मे उनको बचा कर भोजन कैसे किया जा सकता है?

(६७)

इस तरह सब दोषों को देखकर ही ज्ञातपुत्र ने कहा है कि निर्ग्रन्थ मुनि, रात्रि में किसी भी प्रकार का भोजन न करें।

(६८)

चउव्विहे वि आहारे, राईभोयणवज्जणा ।
सन्निही-संचओ चेव, वज्जेयव्वो सुदुक्करं ॥५॥

[उत्तरा० अ० १६ गा० ३०]

(६९)

पाणिवह-मुसावायाऽदत्त-मेहुण-परिग्गहा विरओ ।
राइभोयणविरओ, जीवो भवई अणासवो ॥६॥

[उत्तरा० अ० ३० गा० २]

(६८)

अन्न आदि चारों ही प्रकार के आहार का रात्रि में सेवन नहीं करना चाहिए। इतना ही नहीं, दूसरे दिन के लिए भी रात्रि में खाद्य सामग्री का सङ्ग्रह करना निषिद्ध है। अत. अरात्रि-भोजन वास्तव में बड़ा दुष्कर है।

(६९)

हिंसा, झूठ, चोरी, मैथुन, परिग्रह और रात्रि-भोजन—जो जीव इनसे विरत (पृथक्) रहता है, वह 'अनास्रव' (आत्मा में पाप-कर्म के प्रविष्ट होने के द्वार आस्रव कहलाते हैं, उनसे रहित = अनास्रव) हो जाता है।

विणय-सुत्तं

(७०)

मूलाओ खंधप्पभवो दुमस्स,
खंधाउ पच्छा समुवेन्ति साहा ।
साहा-प्पसाहा विरुहन्ति पत्ता,
तओ य से पुप्फं फलं रसो य ॥१॥

[दश० अ० ६ उ० २ गा० १]

(७१)

धर्मं धम्मस्स विणओ, मूलं परमो से मोक्खो ।
जेण किर्त्तिं सुयं सिग्घं, निस्सेसं चाभिगच्छइ ॥२॥

[दश० अ० ६ उ० २ गा० २]

(७२)

अह पंचहिं ठाणेहिं, जेहि सिक्खा न लब्भइ ।
थम्भा कोहा पमाएणं, रोगेणाऽऽलस्सएण य ॥३॥

[उत्तरा० अ० ११ गा० ३]

: ६ :

विनय-सूत्र

(७०)

वृक्ष के मूल से सबसे पहले स्कन्ध पैदा होता है, स्कन्ध के बाद शाखाएँ और शाखाओं से दूसरी छोटी-छोटी टहनियाँ निकलती हैं। छोटी टहनियों से पत्ते पैदा होते हैं। इसके बाद क्रमशः फूल, फल और रस उत्पन्न होते हैं।

(७१)

इसी भाँति धर्म का मूल विनय है और मोक्ष उसका अन्तिम रस है। विनय से ही मनुष्य बहुत जल्दी श्लाघायुक्त संपूर्ण शास्त्र-ज्ञान तथा कीर्ति सम्पादन करता है।

(७२)

इन पाँच कारणों से मनुष्य सच्ची शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकता :—

अभिमान से, क्रोध से, प्रमाद से, कुछ आदि रोग से, और आलस्य से।

(७३-७४)

अह अट्ठहिं ठाणेहिं, सिक्खासीलि त्ति वुच्चइ ।
अहस्सिरे सयादन्ते, न य मम्ममुदाहरे ॥४॥
नासीले न विसीले, न सिया अइलोलुए ।
अकोहणे सच्चरए, सिक्खासीलि त्ति वुच्चइ ॥५॥

[उत्तरा० अ० ११ गा० ४-५]

(७८)

आणानिद्देसकरे, गुरूणमुववायकारए ।
इंगियागारसंपन्ने से विणीए त्ति वुच्चइ ॥६॥

[उत्तरा० अ० १ गा० २]

(७६-७६)

अह पन्नरसहिं ठाणेहिं, सुविणीए त्ति वुच्चइ ।
नीयावित्ती अचवले, अमाई अकुऊहले ॥७॥
अप्पं च अहिक्खिवई, पबन्धं च न कुव्वई ।
मेत्तिज्जमाणो भयइ, सुयं लद्धुं न मज्जइ ॥८॥
न य पावपरिक्खेवी, न य मित्तेसु कुप्पइ ।
अप्पियस्सावि मित्तस्स, रहे कल्लाण भासइ ॥९॥
कलहडमरवज्जिए, बुद्धे अभिजाइए ।
हिरिमं पडिसंलीणे, सुविणीए त्ति वुच्चइ ॥१०॥

[उत्तरा० अ० ११ गा० १०-११-१२-१३]

(७३-७४)

इन आठ कारणों से मनुष्य शिक्षा-शील कहलाता है :

हर समय हँसनेवाला न हो, सतत इंद्रिय-निग्रही हो, दूसरों को मर्म-भेदी वचन न बोलता हो, सुशील हो, दुराचारी न हो, रसलोलुप न हो, सत्य में रत हो, क्रोधी न हो—शान्त हो।

(७५)

जो गुरु की आज्ञा पालता है, उनके पास रहता है, उनके इंगितों तथा आकारों को जानता है, वही शिष्य विनीत कहलाता है।

(७६-७६)

इन पन्द्रह कारणों से बुद्धिमान मनुष्य सुविनीत कहलाता है :

उद्धत न हो—नम्र हो, चपल न हो— स्थिर हो, मायावी न हो–सरल हो, कुतूहली न हो–गम्भीर हो, किसी का तिरस्कार न करता हो, क्रोध को अधिक समय तक न रखता हो—शीघ्र ही शान्त हो जाता हो, अपने से मित्रता का व्यवहार रखनेवालों के प्रति पूरा सद्भाव रखता हो, शास्त्रोंके अध्ययन का गर्व न करता हो, किसी के दोषों का भण्डाफोड़ न करता हो, मित्रों पर क्रोधित न होता हो, अप्रिय मित्र की भी पीठ-पीछे भलाई ही करता हो, किसी प्रकार का झगड़ा-फसाद न करता हो, बुद्धिमान हो, अभिजात अर्थात् कुलीन हो, लज्जाशील हो, एकाग्र हो।

(८०)

आणाऽनिद्देसकरे, गुरूणमणुववायकारए ।
पडिणीए असंवुद्धे, अविणीए त्ति वुच्चइ ॥११॥

[उत्तरा० अ० १ गा० ३]

(८१-८३)

अभिक्खणं कोही हवइ, पबन्ध च पकुव्वई ।
मेतिज्जमाणो वमइ, सुयं लद्धूण मज्जई ॥१२॥
अवि पावपरिक्खेवी, अवि मित्तेसु कुप्पइ ।
सुप्पियस्साऽवि मित्तस्स, रहे भासइ पावगं ॥१३॥
पइण्णवादी दुहिले, थद्धे लुद्धे अणिग्गहे ।
असंविभागी अचियत्ते, अविणीए त्ति वुच्चइ ॥१४॥

[उत्तरा० अ० ११ गा० ७-८-९]

(८४)

जस्सन्तिए धम्मपयाइं सिक्खे,
तस्सन्तिए वेणइय पउंजे ।
सक्कारए सिरसा पंजलीओ,
काय-गिरा भो ! मणसा य निच्चं ॥१५॥

[दश० अ० ९ उ० १ गा० १२]

(८०)

जो गुरु की आज्ञा का पालन नहीं करता, जो उनके पास नहीं रहता, जो उनसे शत्रुता का वर्ताव रखता है, जो विवेक-शून्य है, उसे अविनीत कहते हैं।

(८१-८३)

जो बार-बार क्रोध करता है, जिसका क्रोध शीघ्र ही शान्त नहीं होता, जो मित्रता रखनेवालों का भी तिरस्कार करता है, जो शास्त्र पढ़कर गर्व करता है, जो दूसरों के दोषों को प्रकट करता रहता है, जो अपने मित्रों पर भी क्रुद्ध हो जाता है, जो अपने प्यारे-से-प्यारे मित्र की भी पीठ-पीछे बुराई करता है; जो मनमाना बोल उठता है—बकवादी है, जो स्नेही-जनों से भी द्रोह रखता है, जो अहंकारी है, जो लुब्ध है, जो इन्द्रियनिग्रही नहीं, जो आहार आदि पाकर अपने साधर्मी को न देकर अकेला ही खानेवाला अविसंभागी है जो सबको अप्रिय है, वह अविनीत कहलाता है।

(८४)

शिष्य का कर्त्तव्य है कि वह जिस गुरु से धर्म-प्रवचन सीखे, उसकी निरन्तर विनय-भक्ति करे। मस्तक पर अंजलि चढ़ाकर गुरु के प्रति सम्मान प्रदर्शित करे। जिस तरह भी होसके मन से, वचन से और शरीर से हमेशा गुरु की सेवा करे।

(८५)

थंभा व कोहा व मयप्पमाया,
गुरुस्सगासे विणयं न सिक्खे ।
सो चेव उ तस्स अभूइभावो,
फलं व कीयस्स वहाय होइ ॥१६॥

[दश० अ० ६ उ० १ गा० १]

(८६)

विवत्ती अविणीयस्स, संपत्ती विणीयस्स य ।
जस्सेयं दुहओ नायं, सिक्खं से अभिगच्छइ ॥१७॥

[दश० अ० ६ उ० २ गा० २२]

(८५)

जो शिष्य अभिमान, क्रोध, मद या प्रमाद के कारण गुरु की विनय (भक्ति) नहीं करता, वह अभूति अर्थात् पतन को प्राप्त होता है। जैसे बाँस का फल उसके ही नाश के लिए होता है, उसी प्रकार अविनीत का ज्ञान-बल भी उसी का सर्व-नाश करता है।

(८६)

'अविनीत को विपत्ति प्राप्त होती है, और विनीत को सम्पत्ति'—ये दो बातें जिसने जान ली हैं, वही शिक्षा प्राप्त कर सकता है।

चाउरंगिज्ज-सुत्तं

(८७)

चत्तारि परमंगाणि, दुल्लहाणीह जन्तुणो ।
माणुसत्तं सुई सद्धा, संजमम्मि य वीरियं ॥१॥

[उत्तरा० अ० ३ गा० १]

(८८)

एगया खत्तिओ होइ, तओ चंडाल-बुक्कसो ।
तओ कीड-पयंगो य, तओ कुन्थु-पिवीलिया ॥२॥

[उत्तरा० अ० ३ गा० ४]

(८९)

एवमावट्टजोणीसु पाणिणो कम्मकिब्बिसा ।
न निव्विज्जन्ति संसारे, सव्वट्ठेसु व खत्तिया ॥३॥

[उत्तरा० अ० ३ गा० ५]

(९०)

कम्मसंगेहिं सम्मूढा, दुक्खिया बहुवेयणा ।
अमाणुसासु जोणीसु, विणिहम्मन्ति पाणिणो ॥४॥

[उत्तरा० अ० ३ गा० ६]

चतुरङ्गीय-सूत्र

(८७)

संसार में जीवों को इन चार श्रेष्ठ अङ्गों (जीवन-विकास के साधनों) का प्राप्त होना बड़ा दुर्लभ है :

मनुष्यत्व, धर्मश्रवण, श्रद्धा और संयम में पुरुषार्थ।

(८८)

कभी वह क्षत्रिय होता है और कभी चाण्डाल, कभी वर्ण-संकर—बुक्कस, कभी कीड़ा, कभी पतङ्ग, कभी कुंथुआ, तो कभी चींटी होता है।

(८९)

पाप-कर्म करनेवाले प्राणी इस भाँति हमेशा बदलती रहने वाली योनियों में बारम्बार पैदा होते रहते हैं, किन्तु इस दुःखपूर्ण संसार से कभी खिन्न नहीं होते, जैसे दुःखपूर्ण राज्य से क्षत्रिय।

(९०)

जो प्राणी काम-वासनाओं से विमुख हैं, वे भयङ्कर दुःख तथा वेदना भोगते हुए चिरकाल तक मनुष्येतर योनियों में भटकते रहते हैं।

(६१)

कम्माणं तु पहाणाए, आणुपुव्वी कयाइ उ ।
जीवा सोहिमणुप्पत्ता, आययन्ति मणुस्सयं ॥७॥

[उत्तरा० अ० ३ गा० ७]

(६२)

माणुस्सं विग्गहं लद्धुं, सुई धम्मस्स दुल्लहा ।
जं सोच्चा पडिवज्जन्ति, तवं खन्तिमहिंसयं ॥६॥

[उत्तरा० अ० ३ गा० ८]

(६३)

आहच्च सवण लद्धुं, सद्धा परमदुल्लहा ।
सोच्चा नेयाउयं मग्ग, बहवे परिभस्सई ॥७॥

[उत्तरा० अ० ३ गा० ९]

(६४)

सुइं च लद्धुं सद्धं च, वीरियं पुण दुल्लहं ।
बहवे रोयमाणा वि, नो य णं पडिवज्जए ॥८॥

[उत्तरा० अ० ३ गा० १०]

(६१)

संसार में परिभ्रमण करते-करते जब कभी बहुत काल में पाप-कर्मों का वेग क्षीण होता है और उसके फलस्वरूप अन्तरात्मा क्रमशः शुद्धि को प्राप्त करता है; तब कहीं मनुष्य-जन्म मिलता है।

(६२)

मनुष्य-शरीर पा लेने पर भी सद्धर्मका श्रवण दुर्लभ है, जिसे सुनकर मनुष्य तप, क्षमा और अहिंसा को स्वीकार करते हैं।

(६३)

सौभाग्य से यदि कभी धर्म का श्रवण हो भी जाय, तो उस पर श्रद्धा का होना अत्यन्त दुर्लभ है। कारण कि बहुत-से लोग न्याय-मार्ग को—सत्य-सिद्धान्त को—सुनकर भी उससे दूर रहते हैं—उसपर विश्वास नहीं रखते।

(६४)

सद्धर्म का श्रवण और उसपर श्रद्धा—दोनों प्राप्त कर लेने पर भी उनके अनुसार पुरुषार्थ करना तो और भी कठिन है। क्योंकि संसार में बहुत-से लोग ऐसे हैं, जो सद्धर्म पर दृढ़ विश्वास रखते हुए भी उसे आचरण में नहीं लाते!

(६५)

माणुसत्तम्मि आयाओ, जो धम्मं सोच्च सद्दहे ।
तवस्सी वीरियं लद्धुं, संवुडे निद्धुणे रयं ॥६॥

[उत्तरा० अ० ३ गा० ११]

(६६)

सोही उज्जुयभूयस्स, धम्मो सुद्धस्स चिट्ठइ ।
निव्वाणं परमं जाइ, घयसित्ते व पावए ॥१०॥

[उत्तरा० अ० ३ गा० १२]

(६७)

विगिंच कम्मणो हेउं, जस संचिणु खन्तिए ।
सरीरं पाढवं हिच्चा, उड्ढं पक्कमई दिसं ॥११॥

[उत्तरा० अ० ३ गा० १३]

(६८)

चउरंगं दुल्लहं, मत्ता, संजमं पडिवज्जिया ।
तवसा धुयकम्मंसे, सिद्धे हवइ सासए ॥१२॥

[उत्तरा० अ० ३ गा० २०]

(६५)

परन्तु जो तपस्वी मनुष्यत्व को पाकर, सद्धर्म का श्रवण कर, उसपर श्रद्धा लाता है और तदनुसार पुरुषार्थ कर आस्रव-रहित हो जाता है, वह अन्तरात्मा पर से कर्म रज को झटक देता है।

(६६)

जो मनुष्य निष्कपट एवं सरल होता है, उसी की आत्मा शुद्ध होती है। और, जिस की आत्मा शुद्ध होती है, उसी के पास धर्म ठहर सकता है। घी से सींची हुई अग्नि जिस प्रकार पूर्ण प्रकाश को पाती है, उसी प्रकार सरल और शुद्ध साधक ही पूर्ण निर्वाण को प्राप्त होता है।

(६७)

कर्मों के पैदा करनेवाले कारणों को ढूँढो—उनका छेद करो, और फिर क्षमा आदि के द्वारा अक्षय यश का संचय करो। ऐसा करनेवाला मनुष्य इस पार्थिव शरीर को छोड़कर ऊर्ध्व-दिशा को प्राप्त करता है—अर्थात् उच्च और श्रेष्ठ गति पाता है।

(६८)

जो मनुष्य उक्त चार अंगों को दुर्लभ जानकर संयम मार्ग स्वीकार करता है, वह तप के द्वारा सब कर्मांशों का नाश कर सदा के लिये सिद्ध हो जाता है।

अप्पमाय-सुत्तं

(९९)

असंखयं जीविय मा पमायए,
जरोवणीयस्स हु नत्थि ताण ।
एवं विजाणाहि जणे पमत्ते,
कं नु विहिंसा अजया गहिन्ति ? ॥१॥

[उत्तरा० अ० ४ गा० १]

(१००)

जे पावकम्मेहि धणं मणुस्सा,
समाययन्ति अमय गहाय
पहाय ते पासपयट्टिए नरे,
वेराणुबद्धा नरयं उवेन्ति ॥२॥

[उत्तरा० अ० ४ गा० २]

(१०१)

वित्तेण ताणं न लभे पमत्त,
इमम्मि लोए अदुवा परत्थ ।
दीवप्पणट्ठे व अणंतमोहे
नेयाउयं दट्ठुमदट्ठुमेव ॥३॥

[उत्तरा० अ० ४ गा० ५]

अप्रमाद-सूत्र

(९९)

जीवन असंस्कृत है—अर्थात् एक बार टूट जाने के बाद फिर नहीं जुड़ता; अत एक क्षण भी प्रमाद न करो।

'प्रमाद, हिंसा और असंयम में अमूल्य यौवन-काल बिता देने के बाद जब वृद्धावस्था आवेगी, तब तुम्हारी कौन रक्षा करेगा —तब किस की शरण लोगे?' यह खूब सोच-विचार लो।

(१००)

जो मनुष्य अनेक पाप-कर्म कर, वैर-विरोध बढ़ाकर अन्त में कर्मों के दृढ़ पाश में बँधे हुए सारी धन-सम्पत्ति यहीं छोड़कर, नरक को प्राप्त होते हैं।

(१०१)

प्रमत्त पुरुष 'धन' के द्वारा न तो इस लोक में ही अपनी रक्षा कर सकता है और न परलोक में। फिर भी धन के असीम मोह में मूढ़ मनुष्य, दीपक के बुझ जाने पर जैसे मार्ग नहीं दीख पड़ता, वैसे ही न्याय-मार्ग को देखते हुए भी नहीं देख पाता।

(१०२)

तेणे जहा सन्धिमुहे गहीए,
सकम्मुणा किच्चइ पावकारी ।
एवं पया पेच्च इहं च लोए,
कडाण कम्माण न मुक्ख अत्थि ॥४॥

[उत्तरा० अ० ४ गा० ३]

(१०३)

संसारमावन्न परस्स अट्ठा,
साहारण जं च करेइ कम्मं ।
कम्मस्स ते तस्स उ वेयकाले,
न बन्धवा बन्धवयं उवेन्ति ॥५॥

[उत्तरा० अ० ४ गा० ४]

(१०४)

सुत्तेसु या वि पडिबुद्धजीवी,
न वीससे पंडिए आसुपन्ने ।
घोरा मुहुत्ता अबलं सरीरं,
भारंडपक्खी व चरेऽपमत्ते ॥६॥

[उत्तरा० अ० ४ गा० ६]

(१०२)

जैसे चोर सेंध के द्वार पर पकड़ा जाकर अपने ही दुष्कर्म के कारण चीरा जाता है, वैसे ही पाप करनेवाला प्राणी भी इस लोक में तथा परलोक में—दोनों ही जगह—भयङ्कर दुःख पाता है। क्योंकि कृत कर्मों को भोगे बिना कभी छुटकारा नहीं हो सकता।

(१०३)

संसारी मनुष्य अपने प्रिय कुटुम्बियों के लिए बुरे-से-बुरे पाप-कर्म भी कर डालता है, पर जब उनके दुष्फल भोगने का समय आता है, तब अकेला ही दुःख भोगता है, कोई भी भाई-बन्धु उसका दुःख बँटानेवाला—सहायता पहुँचानेवाला नहीं होता।

(१०४)

आशु-प्रज्ञ पंडित-पुरुष को मोह-निद्रा में सोते रहनेवाले संसारी मनुष्यों के बीच रहकर भी सब ओर से जागरूक रहना चाहिए—किसीका विश्वास नहीं करना चाहिए। 'काल निर्दय है और शरीर निर्बल' यह जानकर भारण्ड पक्षी की तरह हमेशा अप्रमत्त भाव से विचरना चाहिए।

(१०५)

चरे पयाइं परिसंकमाणो,
जं किंचि पास इह मण्णमाणो ।
लाभन्तरे जीवियं बूहइत्ता,
°पच्छा परिन्नाय मलावधंसी ॥७॥

[उत्तरा० अ० ४ गा० ७]

(१०६)

छन्दनिरोहेण उवेइ मोक्खं,
आसे जहा सिक्खिय-वम्मधारी ।
पुव्वाइं वासाइं चरेऽप्पमत्तो,
तम्हा मुणी खिप्पमुवेइ मोक्खं ॥८॥

[उत्तरा० अ० ४ गा० ८]

(१०७)

स पुव्वमेवं न लभेज्ज पच्छा,
एसोवमा सासयवाइयाणं ।
विसीयई सिढिले आउयम्मि,
कालोवणीए सरीरस्स भेए ॥९॥

[उत्तरा० अ० ४ गा० ९]

(१०५)

संसार में जो धन जन आदि पदार्थ हैं, उन सब को पाशरूप जानकर मुमुक्षु को बड़ी सावधानी से फूँक फूँक कर पाँव रखना चाहिये। जबतक शरीर सशक्त है, तबतक उसका उपयोग अधिक से अधिक संयम-धर्म की साधना के लिए कर लेना चाहिए। बाद में जब वह बिलकुल ही अशक्त हो जावे तब बिना किसी मोह-ममताके मिट्टी के ढेले के समान उसका त्याग कर देना चाहिए।

(१०६)

जिस प्रकार शिक्षित (सधा हुआ) तथा कवचधारी घोड़ा युद्ध में विजय प्राप्त करता है, उसी प्रकार विवेकी मुमुक्षु भी जीवन-संग्राम में विजयी होकर मोक्ष प्राप्त करता है। जो मुनि दीर्घकाल तक अप्रमत्तरूप से संयम-धर्म का आचरण करता है, वह शीघ्रातिशीघ्र मोक्ष-पद पाता है।

(१०७)

शाश्वत वादी लोग कल्पना किया करते हैं कि 'सत्कर्म-साधना की अभी क्या जल्दी है, आगे कर लेंगे।' परन्तु जो करते-करते भोग-विलास में ही उनका जीवन समाप्त हो जाता है, और एक दिन मृत्यु सामने आ खड़ी होती है, शरीर नष्ट हो जाता है। अन्तिम समय में कुछ भी नहीं बन पाता, उस समय तो मूर्ख मनुष्य के भाग्य में केवल पछताना ही शेष रहता है।

(१०८)

खिप्पं न सक्केइ विवेगमेउं,
तम्हा समुट्ठाय पहाय कामे ।
समिच्च लोयं समया महेसी,
आयाणुरक्खी चरमप्पमत्ते ॥१०॥

[उत्तरा० अ० ४ गा० १०]

(१०९)

मुहु मुहुं मोहगुणे जयन्तं,
अणेगरूवा समणं चरन्तं ।
फासा फुसन्ती असमंजसं च,
न तेसि भिक्खू मणसा पउस्से ॥११॥

[उत्तरा० अ० ४ गा० ११]

(११०)

मन्दा य फासा बहुलोहणिज्जा,
तहप्पगारेसु मणं न कुज्जा ।
रक्खिज्ज कोहं विणएज्ज माणं,
मायं न सेवे पयहेज्ज लोहं ॥१२॥

[उत्तरा० अ० ४ गा० १२]

(१०८)

आत्म-विवेक झटपट प्राप्त नहीं हो जाता—इसके लिए भारी साधना की आवश्यकता है। महर्षि जनों को बहुत पहले से ही संयम-पथ पर दृढ़ता से खड़े होकर काम-भोगों का परित्याग कर, समतापूर्वक स्वार्थी संसार की वास्तविकता को समझकर अपनी आत्मा की पापों से रक्षा करते हुए सर्वदा अप्रमादीरूप से विचरना चाहिये।

(१०९)

मोह गुणों के साथ निरन्तर युद्ध करके विजय प्राप्त करने-वाले श्रमण को अनेक प्रकार के प्रतिकूल स्पर्शों का भी बहुत बार सामना करना पड़ता है। परन्तु भिक्षु उनपर तनिक भी अपने मन को क्षुब्ध न करे— शान्त भाव से अपने लक्ष्य की ओर ही अग्रसर होता रहे।

(११०)

संयम-जीवन में मन्दता लाने वाले काम-भोग बहुत ही लुभावने मालूम होते हैं। परन्तु संयमी पुरुष उनकी ओर अपने मन को कभी आकृष्ट न होने दे। आत्म-शोधक साधक का कर्त्तव्य है कि वह क्रोध को दबाए, अहङ्कार को दूर करे, माया का सेवन न करे और लोभ को छोड़ दे।

(१११)

जे संखया तुच्छ परप्पवाई,
ते पिज्ज-दोसाणुगया परज्झा ।
एए अहम्मे त्ति दुगुंछमाणो,
कंखे गुणे जाव सरीरभेए ॥१३॥

[उत्तरा० अ० ४ गा० १३]

(१११)

जो मनुष्य ऊपर-ऊपर से संस्कृत जान पड़ते हैं परन्तु वस्तुतः तुच्छ हैं, दूसरों की निन्दा करनेवाले हैं, रागी-द्वेषी हैं, परवश हैं, वे सब अधर्माचरणवाले हैं—इस प्रकार विचार-पूर्वक दुर्गुणों से घृणा करता हुआ मुमुक्षु शरीर-नाश पर्यन्त (जीवन-पर्यन्त) केवल सद्गुणों की ही कामना करता रहे।

: ११-२ :

अप्पमाय-सुत्तं

(११२)

दुमपत्तए पंडुयए जहा निवडइ राइगणाण अच्चए।
एवं मणुयाण जीवियं, समय गोयम ! मा पमायए ॥१॥

(११३)

कुसग्गे जह ओसबिन्दुए, थोवं चिट्ठइ लम्बमाणए।
एवं मणुयाण जीवियं, समयं गोयम ! मा पमायए ॥२॥

(११४)

इइ इत्तरियम्मि आउए, जीवियए बहुपच्चवायए।
विहुणाहि रयं पुरेकडं, समयं गोयम ! मा पमायए ॥३॥

(११५)

दुल्लहे खलु माणुसे भवे, चिरकालेण वि सव्व-पाणिणं।
गाढा य विवाग कम्मुणो, समयं गोयम ! मा पमायए ॥४॥

: ११–२ :

अप्रमाद–सूत्र

(११२)

जैसे वृक्ष का पत्ता पतझड़-ऋतुकालिक रात्रि-समूह के बीत जाने के बाद पीला होकर गिर जाता है, वैसे ही मनुष्यों का जीवन भी आयु समाप्त होने पर सहसा नष्ट हो जाता है। इसलिए हे गौतम ! क्षण-मात्र भी प्रमाद न कर।

(११३)

जैसे ओस की बूँद कुशा की नोक पर थोड़ी देर तक ही रहती है, वैसे ही मनुष्यों का जीवन भी बहुत अल्प है—शीघ्र ही नष्ट हो जानेवाला है। इसलिये हे गौतम ! क्षण-मात्र भी प्रमाद न कर।

(११४)

अनेक प्रकार के विघ्नों से युक्त अत्यन्त अल्प आयुवाले इस मानव-जीवन में पूर्व संचित कर्मों की धूल को पूरी तरह झटक दे। इसके लिए हे गौतम ! क्षण मात्र भी प्रमाद न कर।

(११५)

दीर्घकाल के बाद भी प्राणियों को मनुष्य-जन्म का मिलना बड़ा दुर्लभ है, क्योंकि कृत-कर्मों के विपाक अत्यन्त प्रगाढ़ होते हैं। हे गौतम ! क्षण-मात्र भी प्रमाद न कर।

(११६)

एवं भवसंसारे संसरइ, सुहासुहेहिं कम्मेहिं ।
जीवो पमायबहुलो, समयं गोयम ! मा पमायए ॥५॥

[उत्तरा० अ० १० गा० १५]

(११७)

लद्धूण वि माणुसत्तणं, आरियत्तं पुणरावि दुल्लभं ।
बहवे दस्सुया मिलक्खुया, समयं गोयम ! मा पमायए ॥६॥

(११८)

लद्धूण वि आरियत्तणं, अहीणपचिन्दिया हु दुल्लहा ।
विगलिन्दियया हु दीसई, समयं ! गोयम मा पमायए ॥७॥

(११९)

अहीणपचेन्दियत्तं पि से लहे, उत्तमधम्मसुई हु दुल्लहा ।
कुतित्थिनिसेवए जणे, समयं गोयम ! मा पमायए ॥८॥

(१२०)

लद्धूण वि उत्तमं सुइं, सद्दहणा पुणरावि दुल्लहा ।
मिच्छत्तनिसेवए जणे, समय गोयम ! मा पमायए ॥९॥

(११६)

प्रमाद-बहुल जीव अपने शुभाशुभ कर्मों के कारण अनन्त बार भव-चक्र में इधर से उधर घूमा करता है। हे गौतम! क्षण-मात्र भी प्रमाद न कर।

(११७)

मनुष्य-जन्म पा लिया तो क्या? आर्यत्व का मिलना बड़ा कठिन है। बहुत-से जीव मनुष्यत्व पाकर भी दस्यु और म्लेच्छ जातियों में जन्म लेते हैं। हे गौतम! क्षण मात्र भी प्रमाद न कर।

(११८)

आर्यत्व पाकर भी पाँचों इन्द्रियों को परिपूर्ण पाना बड़ा कठिन है। बहुत-से लोग आर्य क्षेत्र में जन्म लेकर भी विकल इन्द्रियों वाले देखे जाते हैं। हे गौतम! क्षण-मात्र भी प्रमाद न कर।

(११९)

पाँचो इन्द्रियाँ परिपूर्ण पाकर भी उत्तम धर्म का श्रवण प्राप्त होना कठिन है। बहुत से लोग पाखण्डी गुरुओं की सेवा किया करते हैं। हे गौतम! क्षण-मात्र भी प्रमाद न कर।

(१२०)

उत्तम धर्म का श्रवण पाकर भी उसपर श्रद्धा का होना बड़ा कठिन है। बहुत-से लोग सब कुछ जान-बूझकर भी मिथ्यात्व की उपासना में ही लगे रहते हैं। हे गौतम! क्षण-मात्र भी प्रमाद न कर।

(१२१)

धम्मं पि हु सद्दहन्तया, दुल्लहया काएण फासया ।
इह कामगुणेहि मुच्छिया, समय गोयम ! मा पमायए ॥१०॥

[उत्तरा० अ० १० गा० १६-२०]

(१२२)

परिजूरइ ते सरीरयं, केसा पंडुरया हवन्ति ते ।
से सव्ववले य हायई, समयं गोयम ! मा पमायए ॥११॥

[उत्तरा० अ० १० गा० २६]

(१२३)

अरई गण्डं विसूइया, आयंका विविहा फुसन्ति ते ।
विहडइ विद्धंसइ ते सरीरयं, समयं गोयम ! मा पमायए
॥१२॥

(१२४)

वोच्छिन्द सिणेहमप्पणो, कुमुयं सारइयं व पाणिय ।
से सव्वसिणेहवज्जिए, समय गोयम ! मा पमायए ॥१३॥

(१२५)

चिच्चाण धणं च भारियं, पव्वइओ हि सि अणगारियं ।
मा वन्तं पुणो वि आविए, समयं गोयम ! मा पमायए ॥१४

अप्रमाद-सूत्र

(१२१)

धर्म पर श्रद्धा होने पर भी शरीर से धर्म का आचरण करना बड़ा कठिन है। संसार में बहुत-से धर्म-श्रद्धालु मनुष्य भी काम-भोगों में मूर्च्छित रहते हैं। हे गौतम! क्षण-मात्र भी प्रमाद न कर।

(१२२)

तेरा शरीर दिन-प्रति-दिन जीर्ण होता जा रहा है, सिर के बाल पककर श्वेत होने लगे हैं, अधिक क्या—शारीरिक और मानसिक सभी प्रकार का बल घटता जा रहा है। हे गौतम! क्षण-मात्र भी प्रमाद न कर।

(१२३)

अरुचि, फोड़ा, विसूचिका (हैजा) आदि अनेक प्रकार के रोग शरीर में बढ़ते जा रहे हैं; इनके कारण तेरा शरीर बिल्कुल क्षीण तथा ध्वस्त हो रहा है। हे गौतम! क्षण-मात्र भी प्रमाद न कर।

(१२४)

जैसे कमल शरत्काल के निर्मल जल को भी नहीं छूता—अलग अलिप्त रहता है, उसी प्रकार तू भी संसार से अपनी समस्त आसक्तियाँ दूर कर, सब प्रकार के स्नेह बन्धनों से रहित हो जा। हे गौतम! क्षण-मात्र भी प्रमाद न कर।

(१२५)

स्त्री और धन का परित्याग करके तू महान् अनगार पद को पा चुका है, इसलिए अब फिर इन वमन की हुई वस्तुओं का पान न कर। हे गौतम! क्षण-मात्र भी प्रमाद न कर।

(१२६)

उवउज्झिय मित्तबन्धवं, विउलं चेव धणोहसंचयं ।
मा तं विइयं गवेसए, समयं गोयम ! मा पमायए ॥१५॥

[उत्तरा० अ० १० गा० २७-३०]

(१२७)

अवले जह भारवाहए, मा मग्गे विसमेऽवगाहिया ।
पच्छा पच्छाणुतावए, समयं गोयम ! मा पमायए ॥१६॥

(१२८)

तिण्णो सि अण्णवं महं, किं पुण चिट्ठसि तीरमागओ ?
अभितुर पारं गमित्तए, समयं गोयम ! मा पमायए ॥१७॥

[उत्तरा० अ० १० गा० ३३-३४]

(१२९)

बुद्धस्स निसम्म भासियं, सुकहियमट्ठपदोवसोहियं ।
रागं दोसं च छिन्दिया, सिद्धिगइं गए गोयमे ॥१८॥

[उत्तरा० अ० १० गा० ३७]

(१२६)

विपुल धनराशि तथा मित्र-बान्धवों को एकबार स्वेच्छा-पूर्वक छोड़कर, अब दोबारा उनकी गवेषणा (पूछताछ) न कर। हे गौतम! क्षण-मात्र भी प्रमाद न कर।

(१२७)

घुमावदार विषम मार्ग को छोड़कर तू सीधे और साफ मार्ग पर चल। विषम मार्ग पर चलनेवाले निर्बल भार-वाहक की तरह बाद में पछतानेवाला न बन। हे गौतम! क्षण-मात्र भी प्रमाद न कर।

(१२८)

तू विशाल संसार-समुद्र को तैर चुका है, अब भला किनारे आकर क्यों अटक रहा है? उस पार पहुँचने के लिए जितनी भी हो सके शीघ्रता कर। हे गौतम! क्षण-मात्र भी प्रमाद न कर।

(१२९)

भगवान् महावीर के इस भाँति अर्थयुक्त पदोंवाले सुभाषित वचनों को सुनकर श्री गौतम स्वामी राग तथा द्वेष का छेदन कर सिद्ध-गति को प्राप्त हो गये।

॥ श्री चाँदमलजी - मूलचन्दजी - खूबचन्दजी सेठिया — सुजानगढ़ — द्वारा प्रदत्त ॥

: १२ :

पमायट्ठाण-सुत्तं

(१३०)

पमायं कम्ममाहंसु, अप्पमायं तहावरं ।
तब्भावादेसओ वावि, बालं पंडियमेव वा ॥१॥

[सूत्र० श्रु० १ अ० ८ गा० ३]

(१३१)

जहा य अंडप्पभवा बलागा,
अंडं बलागप्पभवं जहा य ।
एमेव मोहायणं खु तण्हा,
मोहं च तण्हायणं वयन्ति ॥२॥

(१३२)

रागो य दोसो वि य कम्मबीयं,
कम्मं च मोहप्पभवं वयन्ति ।
कम्म च जाईमरणस्स मूलं,
दुक्खं च जाईमरणं वयन्ति ॥३॥

प्रमाद-स्थान-सूत्र

(१३०)

प्रमाद को कर्म कहा गया है और अप्रमाद को अकर्म--अर्थात् जो प्रवृत्तियाँ प्रमाद-युक्त हैं वे कर्म-बन्धन करनेवाली हैं, और जो प्रवृत्तियाँ प्रमाद रहित हैं वे कर्म-बन्धन नहीं करतीं। प्रमाद के होने और न होने से ही मनुष्य क्रमशः मूर्ख और पंडित कहलाता है।

(१३१)

जिस प्रकार बगुली अंडे से पैदा होती है और अंडा बगुली से पैदा होता है, उसी प्रकार मोह का उत्पत्ति-स्थान तृष्णा है और तृष्णा का उत्पत्ति स्थान मोह है।

(१३२)

राग और द्वेष—दोनों कर्म के बीज हैं। अतः मोह ही कर्म का उत्पादक माना गया है। कर्म-सिद्धान्त के अनुभवी लोग कहते हैं कि संसार में जन्म-मरण का मूल कर्म है, और जन्म-मरण—यही एकमात्र दुःख है।

(१३३)

दुक्खं हयं जस्स न होइ मोहो,
मोहो हओ जस्स न होइ तण्हा ।
तण्हा हया जस्स न होइ लोहो,
लोहो हओ जस्स न किंचणाइं ॥४॥

[उत्तरा० अ० ३२ गा० ६-८]

(१३४)

रसा पगाम न निसेवियव्वा,
पायं रसा दित्तिकरा नराणं ।
दित्तं च कामा समभिद्दवन्ति,
दुमं जहा साउफलं व पक्खी ॥५॥

[उत्तरा० अ० ३२ गा० १०]

(१३५)

रूवेसु जो गिद्धिमुवेइ तिव्वं,
अकालियं पावइ से विणासं ।
रागाउरे से जह वा पयंगे,
आलोयलोले समुवेइ मच्चुं ॥६॥

[उत्तरा० अ० ३२ गा० २४]

(१३३)

जिसे मोह नहीं उसे दुःख नहीं, जिसे तृष्णा नहीं उसे मोह नहीं; जिसे लोभ नहीं उसे तृष्णा नहीं, और जिसके पास लोभ करने योग्य कोई पदार्थ-संग्रह नहीं है, उसमें लोभ भी नहीं।

(१३४)

दूध-दही आदि रसों का अधिक मात्रा में सेवन नहीं करना चाहिए; क्योंकि रस प्रायः मनुष्यों में मादकता पैदा करते हैं। मत्त मनुष्य की ओर काम-वासनायें वैसे ही दौड़ी आती हैं, जैसे स्वादिष्ट फलवाले वृक्ष की ओर पक्षी।

(१३५)

जो मूर्ख मनुष्य सुन्दर रूप के प्रति तीव्र आसक्ति रखता है, वह अकाल में ही नष्ट हो जाता है। रागातुर व्यक्ति रूपदर्शन की लालसा में वैसे ही मृत्यु को प्राप्त होता है, जैसे दीपक की ज्योति को देखने की लालसा में पतंग।

(१३६)

रूवाणुरत्तस्स नरस्स एवं,
कुतो सुह होज्ज कयाइ किंचि ।
तत्थोवभोगे वि किलेस-दुक्ख,
निव्वत्तई जस्स कएण दुक्खं ॥७॥

(१३७)

एमेव रूवम्मि गओ पओसं,
उवेइ दुक्खोहपरंपराओ ।
पदुट्ठचित्तो य चिणाइ कम्मं,
जं से पुणो होइ दुहं विवागे ॥८॥

(१३८)

रूवे विरत्तो मणुओ विसोगो,
एएण दुक्खोहपरंपरेण ।
न लिप्पए भवमज्झे वि सन्तो,
जलेण वा पोक्खरिणीपलासं ॥९॥

[उत्तरा० अ० ३२ गा० ३२-३४]

(१३९)

एविन्दियत्था य मणस्स अत्था,
दुक्खस्स हेउ मणुयस्स रागिणो ।
ते चेव थोव पि कयाइ दुक्ख,
न वीयरागस्स करेन्ति किंचि ॥१०॥

[उत्तरा० अ० ३२ गा० १००]

(१३६)

रूप में आसक्त मनुष्य को कहीं भी कभी किंचिन्मात्र सुख नहीं मिल सकता। खेद है कि जिसकी प्राप्ति के लिये मनुष्य महान् कष्ट उठाता है, उसके उपभोग में कुछ भी सुख न पाकर क्लेश तथा दुःख ही पाता है।

(१३७)

जो मनुष्य कुत्सित रूपों के प्रति द्वेष रखता है, वह भविष्य में अशेष दुःख-परंपरा का भागी होता है। प्रदुष्टचित्त द्वारा ऐसे पापकर्म संचित किये जाते हैं, जो विपाक-काल में भयंकर दुःख-रूप होते हैं।

(१३८)

रूप-विरक्त मनुष्य ही वास्तव में शोक-रहित है। वह संसार में रहते हुये भी दुःख-प्रवाह से अलिप्त रहता है, जैसे कमल का पत्ता जल से।

(१३९)

रागी मनुष्य के लिए ही उपर्युक्त इन्द्रियों तथा मन के विषय-भोग दुःख के कारण होते हैं। परन्तु वीतरागी को किसी प्रकार कभी तनिक-सा दुःख नहीं पहुँचा सकते।

(१४०)

न कामभोगा समयं उवेन्ति,
न यावि भोगा विगइं उवेन्ति ।
जे तप्पओसी य परिग्गही य,
सो तेसु मोहा विगइं उवेइ ॥११॥

[उत्तरा० अ० ३२ गा० १०१]

(१४१)

अणाइकालप्पभवस्स एसो,
सव्वस्स दुक्खस्स पमोक्खमग्गो ।
वियाहिओ जं समुविच्च सत्ता,
कमेण अच्चन्तसुही भवन्ति ॥१२॥

[उत्तरा० अ० ३२ गा० १११]

(१४०)

काम-भोग अपने-आप न किसी मनुष्य में समभाव पैदा करते हैं और न किसी में राग-द्वेषरूप विकृति पैदा करते हैं। परन्तु मनुष्य स्वयं ही उनके प्रति राग-द्वेष के नाना संकल्प बनाकर मोह से विकार-ग्रस्त हो जाता है।

(१४१)

अनादि काल से उत्पन्न होते रहने वाले सभी प्रकार के सांसारिक दुःखों से छूट जाने का यह मार्ग ज्ञानी पुरुषों ने बतलाया है। जो प्राणी उक्त मार्ग का अनुसरण करते हैं वे क्रमशः मोक्ष-धाम प्राप्त कर अत्यन्त सुखी होते हैं।

: १३ :

कसाय-सुत्तं

(१४२)

कोहो य माणो य अणिग्गहीया,
माया य लोभो य पवड्ढमाणा ।
चत्तारि एए कसिणा कसाया,
सिंचन्ति मूलाइं पुणब्भवस्स ॥१॥

[दश० अ० ८ गा० ४०]

(१४३)

कोह माणं च माय च, लोभं च पाववड्ढणं ।
वमे चत्तारि दोसे उ, इच्छन्तो हियमप्पणो ॥२॥

[दश० अ० ८ गा० ३७]

(१४४)

कोहो पीइं पणासेइ, माणो विणयनासणो ।
माया मित्ताणि नासेइ, लोभो सव्वविणासणो ॥३॥

[दश० अ० ८ गा० ३८]

(१४५)

उवसमेण हणे कोहं, माणं मद्दवया जिणे ।
मायमज्जवभावेण, लोभं संतोसओ जिणे ॥४॥

[दश० अ० ८ गा० ३९]

कषाय-सूत्र

(१४२)

अनिगृहीत क्रोध और मान, तथा प्रवर्द्धमान (बढ़ते हुए) माया और लोभ—ये चारों ही काले कुत्सित कषाय पुनर्जन्म रूपी संसार-वृक्ष की जडों को सींचते हैं ।

(१४३)

जो मनुष्य अपना हित चाहता है उसे पाप को बढ़ानेवाले क्रोध, मान, माया और लोभ—इन चार दोषों को सदा के लिये छोड़ देना चाहिए ।

(१४४)

क्रोध प्रीति का नाश करता है, मान विनय का नाश करता है, माया मित्रता का नाश करती है; और लोभ सभी सद्गुणों का नाश कर देता है ।

(१४५)

शान्ति से क्रोध को मारो, नम्रता से अभिमान को जीतो, सरलता से माया का नाश करो, और सन्तोष से लोभ को काबू में लाओ ।

(१४६)

कसिणं पि जो इमं लोयं, पडिपुण्णं दलेज्ज इक्कस्स ।
तेणाऽवि से न संतुस्से, इइ दुप्पूरए इमे आया ॥७॥

(१४७)

जहा लाहो तहा लोहो, लाहा लोहो पवड्ढइ ।
दोमासकयं कज्जं, कोडीए वि न निट्ठियं ॥६॥

[उत्तरा० अ० ८ गा० १६-१२]

(१४८)

अहे वयन्ति कोहेण, माणेणं अहमा गई ।
माया गइपडिग्घाओ, लोहाओ दुहओ भयं ॥७॥

[उत्तरा० अ० ६ गा० ५४]

(१४९)

सुवण्ण-रुप्पस्स उ पव्वया भवे,
सिया हु केलाससमा असंखया ।
नरस्स लुद्धस्स न तेहि किंचि,
इच्छा हु आगाससमा अणन्तिया ॥८॥

(१५०)

पुढवी साली जवा चेव, हिरण्णं पसुभिस्सह ।
पडिपुण्णं नालमेगस्स, इइ विज्जा तवं चरे ॥६॥

[उत्तरा० अ० ६ गा० ४८-४६]

(१४६)

अनेक प्रकार के बहुमूल्य पदार्थों से परिपूर्ण यह समग्र विश्व यदि किसी मनुष्य को दे दिया जाये, तो भी वह सन्तुष्ट न होगा। अहो ! मनुष्य की यह तृष्णा बड़ी दुष्पूर है !

(१४७)

ज्यों-ज्यों लाभ होता जाता है, त्यों-त्यों लोभ भी बढ़ता जाता है। देखो न, पहले केवल दो मासे सुवर्ण की आवश्यकता थी; पर बाद में वह करोड़ों से भी पूरी न हो सकी।

(१४८)

क्रोध से मनुष्य नीचे गिरता है, अभिमान से अधम गति में जाता है, माया से सद्गति का नाश होता है और लोभ से इस लोक तथा परलोक में महान् भय है।

(१४९)

चाँदी और सोने के कैलास के समान विशाल असंख्य पर्वत भी यदि पास में हों, तो भी लोभी मनुष्य की तृप्ति के लिए वे कुछ भी नहीं। कारण कि तृष्णा आकाश के समान अनन्त है।

(१५०)

चावल और जौ आदि धान्यों तथा सुवर्ण और पशुओं से परिपूर्ण यह समस्त पृथिवी भी लोभी मनुष्य को तृप्त कर सकने में असमर्थ है—यह जानकर संयम का ही आचरण करना चाहिए।

(१५१)

कोह च माण च तहेव मायं,
लोभं चउत्थं अज्झत्थदोसा ।
एयाणि वन्ता अरहा महेसी,
न कुव्वई पावं न कारवेई ॥१०॥

[सूत्र० श्रु० १ अ० ६ गा० २६]

(१५१)

क्रोध, मान, माया और लोभ—ये चार अन्तरात्मा के भयंकर दोष हैं। इनका पूर्णरूप से परित्याग करने वाले अर्हन्त महर्षि न स्वय पाप करते हैं और न दूसरों से करवाते हैं।

काम-सुत्तं

(१५२)

सल्लं कामा विसं कामा, कामा आसीविसोवमा ।
कामे य पत्थेमाणा, अकामा जन्ति दोग्गइं ॥१॥

[उत्तरा० अ० ९ गा० ५३]

(१५३)

सव्वं विलवियं गीयं, सव्वं नट्टं विडम्बियं ।
सव्वे आभरणा भारा, सव्वे कामा दुहावहा ॥२॥

[उत्तरा० अ० १३ गा० १६]

(१५४)

खणमेत्तसोक्खा बहुकालदुक्खा,
पगामदुक्खा अणिगामसोक्खा ।
संसारमोक्खस्स विपक्खभूया,
खाणी अणत्थाण उ कामभोगा ॥३॥

[उत्तरा० अ० १४ गा० १३]

(१५५)

जहा किंपागफलाण, परिणामो न सुंदरो ।
एवं भुत्ताण भोगाणं, परिणामो न सुन्दरो ॥४॥

[उत्तरा० अ० १९ गा० १७]

: १४ :

काम-सूत्र

(१५२)

काम-भोग शल्यरूप हैं, विषरूप हैं और विषधर के समान हैं। काम-भोगों की लालसा रखने वाले प्राणी उन्हें प्राप्त किए बिना ही अतृप्त दशा में एक दिन दुर्गति को प्राप्त हो जाते हैं।

(१५३)

गीत सब विलापरूप हैं, नाट्य सब विडम्बनारूप हैं, आभरण सब भाररूप हैं। अधिक क्या; संसार के जो भी काम-भोग हैं, सब-के-सब दुःखावह हैं।

(१५४)

काम-भोग क्षणमात्र सुख देनेवाले हैं और चिरकाल तक दुःख देने वाले। उनमें सुख बहुत थोड़ा है, अत्यधिक दुःख-ही-दुःख है। मोक्ष-सुख के वे भयंकर शत्रु हैं, अनर्थों की खान हैं।

(१५५)

जैसे किंपाक फलों का परिणाम अच्छा नहीं होता, उसी प्रकार भोगे हुए भोगों का परिणाम भी अच्छा नहीं होता।

(१५६)

जहा य किंपागफला मणोरमा,
रसेण वण्णेण य भुंजमाणा ।
ते खुड्डए जीविए पच्चमाणा ।
एसोवमा कामगुणा विवागे ॥५॥

[उत्तरा० अ ३२ गा० २०]

(१५७)

उवलेवो होइ भोगेसु, अभोगी नोवलिप्पई ।
भोगी भमइ संसारे, अभोगी विप्पमुच्चई ॥६॥

[उत्तरा० अ० २५ गा० ३६]

(१५८)

चीराजिणं नगिणिणं, जड़ी संघाडि मुंडिणं ।
एयाणि वि न तायन्ति, दुस्सीलं परियागयं ॥७॥

[उत्तरा० अ० ५ गा० २१]

(१५९)

जे केइ सरीरे सत्ता, वण्णे रूवे य सव्वसो ।
मणसा काय-वक्केणं, सव्वे ते दुक्खसंभवा ॥८॥

[उत्तरा० अ० ६ गा० १२]

(१६०)

अच्चेइ कालो तूरन्ति राइओ,
न यावि भोगा पुरिसाण निच्चा ।

(१५६)

जैसे विपाक फल रूप रंग और रस की दृष्टि से शुरू में खाते समय तो बड़े अच्छे मालूम होते हैं, पर खा लेने के बाद जीवन के नाशक हैं, वैसे ही काममोग भी प्रारंभ में बड़े मनोहर लगते हैं, पर विपाक-काल में सर्वनाश कर देते हैं।

(१५७)

जो मनुष्य भोगी है—भोगासक्त है, वही कर्म-मल से लिप्त होता है, अभोगी लिप्त नहीं होता। भोगी संसार में परिभ्रमण किया करता है और अभोगी संसार बन्धन से मुक्त हो जाता है।

(१५८)

मृगचर्म, नग्नत्व, जटा, संघाटिका (बौद्ध भिक्षुओं का-सा उत्तरीय वस्त्र), और मुण्डन आदि कोई भी धर्मचिह्न दुःशील भिक्षु की रक्षा नहीं कर सकते।

(१५९)

जो अविवेकी मनुष्य मन, वचन और काया से शरीर, वर्ण तथा रूप में आसक्त रहते हैं, वे अपने लिए दुःख उत्पन्न करते हैं।

(१६०)

काल बड़ी द्रुत गति से चला जा रहा है, जीवन की एक-एक करके सब रात्रियाँ बीतती जा रही हैं, फल-स्वरूप काम-भोग

उविच्च भोगा पुरिसं चयन्ति,
दुमं जहा खीणफलं व पक्खी ॥६॥
[उत्तरा अ० १३ गा० ३१]

(१६१)

अधुवं जीवियं नच्चा, सिद्धिमग्गं वियाणिया ।
विणिअट्टेज्ज भोगेसु, आउं परिमिअमप्पणो ॥१०॥
[दश० अ० ८ गा० ३४]

(१६२)

पुरिसोरम पावकम्मुणा, पलियन्तं मणुयाण जीवियं ।
सन्ना इह काममुच्छिया, मोहं जन्ति नरा असंवुडा ॥११॥
[सूत्र० श्रु० १ अ० २ उ० १ गा० १०]

(१६३)

संवुज्झह ! किं न बुज्झह ?
संबोही खलु पेच्च दुल्लहा ।
नो हूवणमन्ति राइओ,
नो सुलभं पुणरवि जीवियं ॥१२॥
[सूत्र० श्रु० १ अ० २ उ० १ गा० १]

(१६४)

दुप्परिच्चया इमे कामा, नो सुजहा अधीरपुरिसेहिं ।
अह सन्ति सुव्वयो साहू, जे तरन्ति अतरं वणिया व ॥१३॥
[उत्तरा० अ० ८ गा० ६]

चिरस्थायी नहीं है। भोग-विलास के साधनों से रहित पुरुष को भोग वैसे ही छोड़ देते हैं, जैसे फलविहीन वृक्ष को पक्षी।

(१६१)

मानव-जीवन नश्वर है, उसमें भी आयु तो परिमित है, एक मोक्ष-मार्ग ही अविचल है, यह जानकर काम-भोगों से निवृत्त हो जाना चाहिए।

(१६२)

हे पुरुष! मनुष्यों का जीवन अत्यन्त अल्प है—क्षणभंगुर है, अतः शीघ्र ही पापकर्म से निवृत्त हो जा। संसार में आसक्त तथा काम-भोगों से मूर्च्छित असंयमी मनुष्य बार-बार मोह को प्राप्त होते रहते हैं।

(१६३)

समझो, इतना क्यों नहीं समझते? परलोक में सम्यक् बोधि का प्राप्त होना बड़ा कठिन है। बीती हुई रात्रियाँ कभी लौटकर नहीं आतीं। फिर से मनुष्य-जीवन पाना आसान नहीं।

(१६४)

काम-भोग बड़ी मुश्किल से छूटते हैं, अधीर पुरुष तो इन्हें सहसा छोड़ ही नहीं सकते। परन्तु जो महाव्रतों का पालन करने वाले साधुपुरुष हैं, वे ही दुस्तर भोग-समुद्र को तैर कर पार होते हैं, जैसे—व्यापारी वणिक समुद्र को।

: १५ :

असरण-सुत्तं

(१६५)

वित्तं पसवो य नाइओ, तं बाले सरणं ति मन्नई ।
एए मम तेसु वि अहं, नो ताणं सरणं न विज्जई ॥१॥

[सूत्र० श्रु० १ अ० २ उ० ३ गा० १६]

(१६६)

जम्मं दुक्खं जरा दुक्खं, रोगाणि मरणाणि य ।
अहो दुक्खो हु संसारो, जत्थ कीसन्ति जन्तुणो ॥२॥

[उत्तरा० अ० १६ गा० १५]

(१६७)

इमं सरीरं अणिच्चं, असुइं असुइसंभवं ।
असासयावासमिणं, दुक्खकेसाण भायणं ॥३॥

[उत्तरा० अ० १६ गा० १२]

(१६८)

दाराणि सुया चेव, मित्ता य तह बन्धवा ।
जीवन्तमणुजीवन्ति, मयं नाणुवयन्ति य ॥४॥

[उत्तरा० अ० १८ गा० १४]

: १५ :

अशरण-सूत्र

(१६५)

मूर्ख मनुष्य धन, पशु और जातिवालों को अपना शरण मानता है और समझता है कि—'ये मेरे हैं' और 'मैं उनका हूँ'। परन्तु इनमें से कोई भी आपत्तिकाल में त्राण तथा शरण नहीं दे सकता।

(१६६)

जन्म का दुःख है, जरा (बुढ़ापा) का दुःख है, रोग और मरण का दुःख है। अहो! संसार दुःखरूप ही है! यही कारण है कि यहाँ प्रत्येक प्राणी जब देखो तब क्लेश ही पाता रहता है।

(१६७)

यह शरीर अनित्य है, अशुचि है, अशुचि से उत्पन्न हुआ है, दुःख और क्लेशों का धाम है। जीवात्मा का इसमें कुछ ही क्षणों के लिए निवास है, आखिर एक दिन तो अचानक छोड़कर चले ही जाना है।

(१६८)

स्त्री, पुत्र, मित्र और बन्धुजन, सब जीते जी के ही साथी हैं, मरने पर कोई भी साथ नहीं आता।

(१६६)

वेया अहीया न भवन्ति ताणं,
भुत्ता दिया निन्ति तमं तमेणं ।
जाया य पुत्ता न हवन्ति ताणं,
को नाम ते अणुमन्नेज्ज एयं ॥ ॥

[उत्तरा० अ० १४ गा० १२]

(१७०)

चिच्चा दुपयं च चउप्पय च,
खेत्तं गिहं धण-धन्नं च सव्व ।
कम्मप्पवीओ, अवसो पयाइ,
परं भवं सुन्दरं पावगं वा ॥६॥

[उत्तरा० अ० १३ गा० २४]

(१७१)

जहेह सीहो व मियं गहाय,
मच्चू नरं नेइ हु अन्तकाले ।
न तस्स माया व पिया व भाया,
कालम्मि तस्संसहरा भवन्ति ॥७॥

[उत्तरा० अ० १३ गा० २२]

(१७२)

जमिणं जगई पुढो जगा कम्मेहिं लुप्पन्ति पाणिणो ।
सयमेव कडेहि गाहई, नो तस्स मुच्चेज्जऽपुट्ठयं ॥८॥

[सूत्र० श्रु० १ अ० २ उ० १ गा० ४]

(१६६)

पढ़े हुए वेद बचा नहीं सकते, जिमाये हुए ब्राह्मण अन्धकार से अन्धकार में ही ले जाते हैं, पैदा किये हुए पुत्र भी रक्षा नहीं कर सकते; ऐसी दशा में कौन विवेकी पुरुष इन्हें स्वीकार करेगा ?

(१७०)

द्विपद (दास, दासी आदि), चतुष्पद (गाय, घोड़े आदि), क्षेत्र, गृह और धन-धान्य सब कुछ छोड़कर विवशता की दशा में प्राणी अपने कृत कर्मों के साथ अच्छे या बुरे परभव में चला जाता है।

(१७१)

जिस तरह सिंह हिरण को पकड़कर ले जाता है; उसी तरह अतर्कित मृत्यु भी मनुष्य को उठा ले जाती है। उस समय माता पिता, भाई आदि कोई भी उसके दुःख में भागीदार नहीं होते—परलोक में उसके साथ नहीं जाते।

(१७२)

संसार में जितने भी प्राणी हैं, सब अपने कृत कर्मों के कारण ही दुखी होते हैं। अच्छा या बुरा जैसा भी कर्म हो, उसका फल भोगे बिना छुटकारा नहीं हो सकता।

(१७३)

असासए सरीरम्मि, रइं नोवलभामहं ।
पच्छा पुरा व चइयव्वे, फेणबुब्बुयसंनिभे ॥९॥
[उत्तरा० अ० १९ गा० १३]

(१७४)

माणुसत्ते असारम्मि, वाहि-रोगाण आलए ।
जरामरणघत्थम्मि, खणं पि न रमामहं ॥१०॥
[उत्तरा० अ० १९ गा० १४]

(१७५)

जीवियं चेव रूवं च, विज्जुसंपायचंचलं ।
जत्थ न मुज्झसि रायं ! पेच्चत्थं नावबुज्झसि ॥११॥
[उत्तरा० अ० १८ गा० १३]

(१७६)

न तस्स दुक्खं विभयन्ति नाइओ,
न मित्तवग्गा न सुया न बन्धवा ।
एक्को सयं पच्चणुहोइ दुक्खं,
कत्तारमेव अणुजाइ कम्मं ॥१२॥
[उत्तरा० अ० १३ गा० २३]

(१७७)

न चित्ता तायए भासा,
कुओ विज्जाणुसासणं ? ।
विसन्ना पावकम्मेहिं,
बाला पंडियमाणिणो ॥१३॥
[उत्तरा० अ० ६ गा० १०]

(१७३)

यह शरीर पानी के बुलबुले के समान क्षणभंगुर है, पहले या बाद में एक दिन इसे छोड़ना ही है, अत. इसके प्रति मुझे तनिक भी प्रीति (आसक्ति) नहीं है।

(१७४)

मानव-शरीर असार है, आधि-व्याधियों का घर है, जरा और मरण से ग्रस्त है, अत: मैं इसकी ओर से क्षणभर भी प्रसन्न नहीं होता।

(१७५)

मनुष्य का जीवन और रूप-सौन्दर्य बिजली की चमक के समान चचल है। आश्चर्य है, हे राजन्, तुम इसपर मुग्ध हो रहे हो! क्यों नहीं परलोक का खयाल करते?

(१७६)

पापी जीव के दुःख को न जातिवाले बँटा सकते हैं, न मित्र वर्ग, न पुत्र, और न भाई-बन्धु। जब दुःख आ पड़ता है, तब वह अकेला ही उसे भोगता है। क्योंकि कर्म अपने कर्त्ता के ही पीछे लगते हैं, अन्य किसी के नहीं।

(१७७)

चित्र-विचित्र भाषा आपत्तिकाल में त्राण नहीं, करती इसी प्रकार मंत्रात्मक भाषा का अनुशासन भी त्राण करनेवाला कैसे हो सकता है? अत भाषा और मान्त्रिक विद्या से त्राण पानेकी आशावाले पंडितमन्य मूढ जन पापकर्मों में मग्न हो रहे हैं।

बाल-सुत्तं

(१७८)

भोगामिसदोसविसन्ने, हियनिस्सेयसबुद्धिवोच्चत्थे ।
बाले य मन्दिए मूढे, वज्झइ मच्छिया व खेलम्मि ॥१॥
[उत्तरा० अं० ८ गा० ५]

(१७९)

जे गिद्धे कामभोगेसु, एगे कूडाय गच्छई ।
न मे दिट्ठे परे लोए, चक्खुदिट्ठा इमा रई ॥२॥
[उत्तरा० अ० ५ गा० ५]

(१८०)

हत्थागया इमे कामा, कालिया जे अणागया ।
को जाणइ परे लोए, अत्थि वा नत्थि वा पुणो ॥३॥

(१८१)

जणेण सद्धिं होक्खामि, इइ बाले पगब्भइ ।
कामभोगाणुराएणं, केसं संपडिवज्जइ ॥४॥

: १६ :

बाल-सूत्र

(१७८)

जो बाल—मूर्ख मनुष्य काम-भोगों के मोहक दोषों में आसक्त हैं, हित तथा निश्रेयस के विचार से शून्य हैं, वे मन्दबुद्धि संसार में वैसे ही फँस जाते हैं, जैसे मक्खी श्लेष्म (कफ) में।

(१७९)

जो मनुष्य काम-भोगों में आसक्त होते हैं, वे पाश में फँस कर बुरे-से-बुरे पाप-कर्म कर डालते हैं। ऐसे लोगों की मान्यता होती है कि—'परलोक हमने देखा नहीं, और यह विद्यमान काम भोगों का आनन्द तो प्रत्यक्ष-सिद्ध है।

(१८०)

"वर्तमान काल के काम-भोग हाथ में हैं—पूर्णतया स्वाधीन हैं। भविष्यकाल में परलोक के सुखों का क्या ठिकाना—मिलें या न मिलें? और यह भी कौन जानता है कि परलोक है भी या नहीं।"

(१८१)

"मैं तो सामान्य लोगों के साथ रहूँगा—अर्थात् जैसी उनकी दशा होगी, वैसी मेरी भी हो जायगी"—मूर्ख मनुष्य इस प्रकार थोथा-भरी बातें किया करते हैं और काम-भोगों की आसक्ति के कारण अन्त में महान् क्लेश पाते हैं।

(१८२)

तओ से दंडं समारभई, तसेसु थावरेसु य ।
अट्ठाए य अणट्ठाए, भूयगामं विहिंसई ॥५॥

(१८३)

हिंसे बाले मुसावाई, माइल्ले पिसुणे सढे ।
भुंजमाणे सुरं मंसं, सेयमेयं ति मन्नई ॥६॥

(१८४)

कायसा वयसा मत्ते, वित्ते गिद्धे य इत्थिसु ।
दुहओ मलं संचिणइ, सिसुनागु व्व मट्टियं ॥७॥

(१८५)

तओ पुट्ठो आयकेणं, गिलाणो परितप्पइ ।
पभीओ परलोगस्स, कम्माणुप्पेही अप्पणो ॥८॥

[उत्तरा० अ० ५ गा० ६-११]

(१८६)

जे केइ बाला इह जीवियट्ठी,
पावाइं कम्माइं करेन्ति रुद्दा ।
ते घोररूवे तमसिन्धयारे,
तिव्वाभितावे नरगे पडन्ति ॥६॥

[सूत्र० श्रु० १ अ० ५ उ० १ गा० ३]

(१८२)

मूर्ख मनुष्य विषयासक्त होते ही त्रस तथा स्थावर जीवों को सताना शुरू कर देता है, और अन्त तक मतलब बेमतलब प्राणि-समूह की हिंसा करता रहता है।

(१८३)

मूर्ख मनुष्य हिंसक, असत्य-भाषी, मायावी, चुगलखोर और धूर्त होता है। वह मांस-मद्य के खाने-पीने में ही अपना श्रेय समझता है।

(१८४)

जो मनुष्य शरीर तथा वचन के बल पर मदान्ध है, धन तथा स्त्री आदि में आसक्त है, वह राग और द्वेष दोनों द्वारा वैसे ही कर्म का संचय करता है, जैसे अलसिया मिट्टी का।

(१८५)

पाप-कर्मों के फलस्वरूप जब मनुष्य अन्तिम समय में असाध्य रोगों से पीड़ित होता है, तब वह खिन्नचित्त होकर अन्दर-ही-अन्दर पछताता है और अपने पूर्वकृत पाप-कर्मों को याद कर-कर के परलोक की विभीषिका से काँप उठता है।

(१८६)

जो मूर्ख मनुष्य अपने तुच्छ जीवन के लिये निर्दय होकर पाप-कर्म करते हैं, वे महाभयंकर प्रगाढ़ अन्धकाराच्छन्न एवं तीव्र तापवाले तमिस्र नरक में जाकर पड़ते हैं।

(१८७)

जया य चयइ धम्मं, अणज्जो भोगकारणा ।
से तत्थ मुच्छिए बाले, आयइं नावबुज्झई ॥१०॥

[दश० चूलिका १ गा० १]

(१८८)

निच्चुव्विग्गो जहा तेणो, अत्तकम्मेहिं दुम्मई ।
तारिसो मरणंऽते वि, नाऽऽराहेइ संवरं ॥११॥

[दश० अ० ५ उ० २ गा० ३६]

(१८९)

जे केइ पव्वइए, निद्दासीले पगामसो ।
भोच्चा पिच्चा सुहं सुवइ, पावसमणि त्ति वुच्चइ॥१२॥

[उत्तरा० अ० १७ गा० ३]

(१९०)

वेराइं कुव्वइ वेरी, तओ वेरेहिं रज्जइ ।
पावोवगा य आरंभा, दुक्खफासा य अन्तसो ॥१३॥

[सूत्र० श्रु० १ अ० ८ गा० ७]

(१९१)

मासे मासे तु जो बाले, कुसग्गेणं तु भुंजए ।
न सो सुयक्खायधम्मस्स, कलं अग्घइ सोलसिं ॥१४

[उत्तरा० अ० ९ गा० ४४]

(१८७)

जब अनार्य मनुष्य काम-भोगों के लिये धर्म को छोड़ता है तब भोग-विलास में मूर्च्छित रहनेवाला वह मूर्ख अपने भयंकर भविष्य को नहीं जानता।

(१८८)

जिस तरह हमेशा भयभ्रान्त रहने वाला चोर अपने ही दुष्कर्मों के कारण दुःख उठाता है, उसी तरह मूर्ख मनुष्य अपने दुराचरणों के कारण दुःख पाता है और अन्तकाल में भी संवर धर्म की आराधना नहीं कर सकता।

(१८९)

जो भिक्षु प्रव्रज्या लेकर भी अत्यन्त निद्राशील हो जाता है, खा-पीकर मजे से सो जाया करता है, वह 'पाप श्रमण' कहलाता है।

(१९०)

वैर रखने वाला मनुष्य हमेशा वैर ही किया करता है, वह वैर में ही आनन्द पाता है। हिंसा-कर्म पाप को उत्पन्न करनेवाले हैं, अन्त में दुःख पहुंचाने वाले हैं।

(१९१)

यदि अज्ञानी मनुष्य महीने-महीने भर का घोर तप करे और पारणा के दिन केवल कुशा की नोक से भोजन करे, तो भी वह सत्पुरुषों के बताये धर्म का आचरण करने वाले मनुष्य के सोलहवें हिस्से को भी नहीं पहुँच सकता।

(१६२)

इह जीवियं अनियमित्ता, पब्भट्ठा समाहि-जोगेहिं ।
ते कामभोगरसगिद्धा, उववज्जन्ति आसुरे काये ॥१५॥

[उत्तरा० अ० ८ गा० १४]

(१६३)

जावन्तऽविज्जापुरिसा, सव्वे ते दुक्खसंभवा ।
लुप्पन्ति बहुसो मूढा, संसारम्मि अणन्तए ॥१६॥

[उत्तरा० अ० ६ गा० १]

(१६४)

बालाण अकामं तु मरणं असइं भवे ।
पंडियाणं सकामं तु, उक्कोसेण सइं भवे ॥१७॥

[उत्तरा० अ० ५ गा० ३]

(१६५)

बालस्स पस्स बालत्तं, अहम्मं पडिवज्जिया ।
चिच्चा धम्मं अहम्मिट्ठे, नरए उववज्जइ ॥१८॥

[उत्तरा० अ० ७ गा० २८]

(१६६)

धीरस्स पस्स धीरत्तं सव्वधम्माणुवत्तिणो ।
चिच्च अधम्मं धम्मिट्ठे, देवेसु उववज्जइ ॥१९॥

(१६२)

जो मनुष्य अपने जीवन को अनियंत्रित (उच्छृंखल) रखने के कारण समाधि-योग से भ्रष्ट हो जाते हैं वे काम-भोगों में आसक्त होकर अन्त में असुरयोनि में उत्पन्न होते हैं।

(१६३)

संसार के सब अविद्वान् (मूर्ख) पुरुष दुःख भोगने वाले हैं। मूढ प्राणी अनंत संसार में बार बार लुप्त होते रहते हैं—जन्मते और मरते रहते हैं।

(१६४)

मूर्ख जीवों का संसार में बार बार अकाम-मरण हुआ करता है, परन्तु पंडित पुरुषों का सकाम मरण एक बार ही होता है—उनका पुनर्जन्म नहीं होता।

(१६५)

मूर्ख मनुष्य की मूर्खता तो देखो, जो धर्म छोड़कर, अधर्म को स्वीकार कर अधार्मिक हो जाता है, और अन्त में नरक-गति को प्राप्त होता है।

(१६६)

सत्य धर्म के अनुगामी धीर पुरुष की धीरता देखो, जो अधर्म का परित्याग कर धार्मिक हो जाता है, और अन्त में देव-लोक में उत्पन्न होता है।

(१६७)

तुलियाण वालभावं, अवाल चेव पंडिए ।
चइऊण वालभावं, अवालं सेवई मुणी ॥२०॥

[उत्तरा० अ० गा० २६-३०]

(१६७)

विद्वान् मुनि को बाल-भाव और अबाल-भाव का तुलनात्मक विचार कर बाल-भाव छोड़ देना चाहिये और अबाल-भाव को स्वीकार करना चाहिये।

पंडिय-सुत्तं

(१९८)

समिक्ख पंडिए तम्हा, पासजाइपहे बहू ।
अप्पणा सच्चमेसेज्जा, मेत्तिं भूएसु कप्पए ॥१॥

[उत्तरा० अ० ६ गा० २]

(१९९)

जे य कंते पिए भोए, लद्धे वि पिट्ठीकुव्वई ।
साहीणे चयइ भोए, से हू चाइ त्ति वुच्चई ॥२॥

[दश० अ० २ गा० ३]

(२००)

वत्थगन्धमलंकार, इत्थिओ सयणाणि य ।
अच्छन्दा जे न भुंजन्ति, न से चाइ त्ति वुच्चई ॥३॥

[दश० अ० २ गा० २]

(२०१)

दहरे य पाणे वुड्ढे य पाणे,
ते अत्तओ पासइ सव्वलोए ।
उव्वेहई लोगमिणं महन्तं,
बुद्धो पमत्तेसु परिव्वएज्जा ॥४॥

[सूत्र० श्रु० १ अ० १२ गा० १८]

: १७ :

पण्डित-सूत्र

(१९८)

पण्डित पुरुष को संसार-भ्रमण के कारणरूप दुष्कर्म-पाशों का भली भांति विचार कर अपने आप स्वतन्त्ररूप से सत्य की खोज करना चाहिये और सब जीवों पर मैत्रीभाव रखना चाहिये।

(१९९)

जो मनुष्य सुन्दर और प्रिय भोगों को पाकर भी पीठ फेर लेता है, सब प्रकार से स्वाधीन भोगों का परित्याग कर देता है, वही सच्चा त्यागी कहलाता है।

(२००)

जो मनुष्य किसी परतन्त्रता के कारण वस्त्र, गन्ध, अलंकार, स्त्री और शयन आदि का उपभोग नहीं कर पाता, वह सच्चा त्यागी नहीं कहलाता।

(२०१)

जो बुद्धिमान मनुष्य मोहनिद्रा में सोते रहने वाले मनुष्यों के बीच रहकर संसार के छोटे-बड़े सभी प्राणियों को अपनी आत्मा के समान देखता है, इस महान् विश्व का निरीक्षण करता है, सर्वदा अप्रमत्त भाव से संयमाचरण में रत रहता है वही मोक्षगति का सच्चा अधिकारी है।

(२०२)

जे ममाइअमइं जहाइ, से जहाइ ममाइअं।
से हु दिट्ठभए मुणी, जस्स नत्थि ममाइअं ॥ ५ ॥

[आचा० १ श्रु० अ० २ उ० ६ सू० ९९]

(२०३)

जहा कुम्मे सअंगाइं, सए देहे समाहरे।
एवं पावाइ मेहावी, अज्झप्पेण समाहरे ॥ ६ ॥

[सूत्र० श्रु० १ अ० ८ गा० १६]

(२०४)

जो सहस्सं सहस्साणं, मासे मासे गवं दए।
तस्स वि संजमो सेयो अदिन्तस्स वि किंचण ॥ ७ ॥

[उत्तरा० अ० ९ गा० ४०]

(२०५)

नाणस्स सव्वस्स पगासणाय,
अन्नाणमोहस्स विवज्जणाए।
रागस्स दोसस्स य संखएणं,
एगन्तसोक्खं समुवेइ मोक्खं ॥ ८ ॥

(२०६)

तस्सेस मग्गो गुरुविद्धसेवा,
विवज्जणा बालजणस्स दूरा।
सज्झायएगन्तनिसेवणा य,
सुत्तत्थसंचिन्तणया धिई य ॥ ९ ॥

(२०२)

जो ममत्व-बुद्धि का परित्याग करता है, वह ममत्व का परित्याग करता है। वास्तव में वही ससार से सच्चा भय खाने वाला मुनि है, जिसे किसी भी प्रकार का ममत्व-भाव नहीं है ।

(२०३)

जैसे कछुआ आपत्ति से बचने के लिये अपने अगों को अपने शरीर में सिकोड़ लेता है, उसी प्रकार पडितजन भी विषयों की ओर जाती हुई अपनी इन्द्रियाँ आध्यात्मिक ज्ञान से सिकोड़कर रखें ।

(२०४)

जो मनुष्य प्रतिमास लाखों गायें दान में देता है, उसकी अपेक्षा कुछ भी न देने वाले का सयमाचरण श्रेष्ठ है ।

(२०५)

सब प्रकार के ज्ञान को निर्मल करने से, अज्ञान और मोह के त्यागने से, तथा राग और द्वेष का क्षय करने से एकात सुखस्वरूप मोक्ष प्राप्त होता है ।

(२०६)

सद्गुरु तथा अनुभवी वृद्धों की सेवा करना, मूर्खों के ससर्ग से दूर रहना, एकाग्र चित्त से सत् शास्त्रों का अभ्यास करना और उनके गम्भीर अर्थ का चिन्तन करना, और चित्त मे धृतिरूप अटल शान्ति प्राप्त करना, यह नि.श्रेयस का मार्ग है ।

(२०७)

आहारमिच्छे मियमेसणिज्जं,
सहायमिच्छे निउणत्थबुद्धिं ।
निकेयमिच्छेज्ज विवेगजोग्ग,
समाहिकामे समणे तवस्सी ॥ १० ॥

(२०८)

न वा लभेज्जा निउणं सहायं,
गुणाहियं वा गुणओ समं वा ।
एक्को वि पावाइं विवज्जयन्तो,
विहरेज्ज कामेसु असज्जमाणो ॥ ११ ॥

[उत्तरा० अ० ३२ गा० २-५]

(२०९)

जाइं च वुड्ढिं च इहज्ज पास,
भूएहिं सायं पडिलेह जाणे ।
तम्हाऽइविज्जो परमं ति नच्चा,
सम्मत्तदंसी न करेइ पावं ॥ १२ ॥

[आचा० श्रु० १ अ० ३ उ० २ गा० १]

(२१०)

न कम्मुणा कम्म खवेन्ति बाला,
अकम्मुणा कम्म खवेन्ति धीरा ।
मेहाविणो लोभ-भया वईया,
संतोसिणो न पकरेन्ति पावं ॥ १३ ॥

[सूत्र० श्रु० १ अ० १२ गा० १५]

(२०७)

समाधि की इच्छा रखने वाला तपस्वी श्रमण परिमित तथा शुद्ध आहार ग्रहण करे, निपुण-बुद्धि के तत्वज्ञानी साथी की खोज करे, और ध्यान करने योग्य एकान्त स्थान मे निवास करे ।

(२०८)

यदि अपने से गुणों में अधिक या समान गुणवाला साथी न मिले, तो पापकर्मों का परित्याग कर तथा काम भोगों मे सर्वथा अनासक्त रहकर अकेला ही विचरे । परन्तु दुराचारी का कभी भूल कर भी सग न करे ।

(२०९)

ससार मे जन्म-मरण के महान् दु खों को देखकर और यह अच्छी तरह जानकर कि—'सब जीव सुख की इच्छा रखनेवाले हैं' अहिंसा को मोक्ष का मार्ग समझकर सम्यक्त्वधारी विद्वान् कभी भी पाप कर्म नहीं करते ।

(२१०)

मूर्ख साधक कितना ही प्रयत्न क्यों न करें, किन्तु पाप-कर्मों से पाप-कर्मों को कदापि नष्ट नहीं कर सकते । बुद्धिमान् साधक वे हैं जो पाप-कर्मों के परित्याग से पाप-कर्मों को नष्ट करते हैं । अतएव लोभ और भय से रहित सर्वदा सन्तुष्ट रहने वाले मेधावी पुरुष किसी भी प्रकार का पाप-कर्म नहीं करते ।

अप्प-सुत्तं

(२११)

अप्पा नई वेयवणी, अप्पा मे कूडसामली ।
अप्पा कामदुहा धेणू, अप्पा मे नन्दनं वणं ॥ १ ॥
[उत्तरा० अ० २० गा० ३६]

(२१२)

अप्पा कत्ता विकत्ता य, दुहाण य सुहाण य ।
अप्पा मित्तममित्तं च, दुप्पट्ठिय सुप्पट्ठिओ ॥ २ ॥
[उत्तरा० अ० २० गा० ३७]

(२१३)

अप्पा चेव दमेयव्वो, अप्पा हु खलु दुद्दमो ।
अप्पा दन्तो सुही होइ, अस्सिं लोए परत्थ य ॥ ३ ॥
[उत्तरा० अ० १ गा० १५]

(२१४)

वरं मे अप्पा दन्तो, संजमेण तवेण य ।
माऽहं परेहिं दम्मन्तो, बन्धणेहिं वहेहि य ॥ ४ ॥
[उत्तरा० अ० १ गा० १६]

: १८ :

आत्म-सूत्र

(२११)

आत्मा ही नरक की वैतरणी नदी तथा कूट शाल्मली वृक्ष है। आत्मा ही स्वर्ग की कामदुधा धेनु तथा नन्दन-वन है।

(२१२)

आत्मा ही अपने दु खों और सुखों का कर्ता तथा भोक्ता है। अच्छे मार्ग पर चलने वाला आत्मा मित्र है, और बुरे मार्ग पर चलने वाला आत्मा शत्रु है।

(२१३)

अपने-आपको ही दमन करना चाहिये। वास्तव में यही कठिन है। अपने-आपको दमन करनेवाला इस लोक तथा परलोक मे सुखी होता है।

(२१४)

दूसरे लोग मेरा वध बन्धनादि से दमन करें, इसकी अपेक्षा तो मैं सयम और तप के द्वारा अपने-आप ही अपना (आत्मा का) दमन करूँ, यह अच्छा है।

(२१५)

जो सहस्स सहस्साणं, संगामे दुज्जए जिणे ।
एगं जिणेज्ज अप्पाणं, एस से परमो जओ ॥५॥

[उत्तरा० अ० ६ गा० ३४]

(२१६)

अप्पाणमेव जुज्झाहि किं ते जुज्झेण बज्झओ ? ।
अप्पाणमेव अप्पाणं, जइत्ता सुहमेहए ॥६॥

(२१७)

पचिन्दियाणि कोहे, माण मायं तहेव लोहं च ।
दुज्जयं चेव अप्पाण, सव्वमप्पे जिए जियं ॥७॥

[उत्तरा० अ० ६ गा० ३५-३६]

(२१८)

न तं अरी कंठ-छेत्ता करेइ,
जं से करे अप्पणिया दुरप्पा ।
से नाहिइ मच्चुमुहं तु पत्ते,
पच्छाणुतावेण दयाविहूणो ॥८॥

[उत्तरा० अ० २० गा० ४८]

(२१९)

जस्सेवमप्पा उ हवेज्ज निच्छिओ,
चइज्ज देहं न हु धम्मसासणं ।

(२१५)

जो वीर दुर्जय संग्राम में लाखों योद्धाओं को जीतता है, यदि वह एक अपनी आत्मा को जीत ले, तो यही उसकी सर्वश्रेष्ठ विजय होगी।

(२१६)

अपनी आत्मा के साथ ही युद्ध करना चाहिये, बाहरी स्थूल शत्रुओं के साथ युद्ध करने से क्या लाभ? आत्मा द्वारा आत्मा को जीतने वाला ही वास्तव में पूर्ण सुखी होता है।

(२१७)

पाँच इन्द्रियाँ, क्रोध, मान, माया, लोभ तथा सबसे अधिक दुर्जय अपनी आत्मा को जीतना चाहिये। एक आत्मा के जीत लेने पर सब कुछ जीत लिया जाता है।

(२१८)

सिर काटने वाला शत्रु भी उतना अपकार नहीं करता, जितना दुराचरण में लगी हुई अपनी आत्मा करती है। दयाशून्य दुराचारी को अपने दुराचरणों का पहले ध्यान नहीं आता; परन्तु जब वह मृत्यु के मुख में पहुँचता है, तब अपने सब दुराचरणों को याद कर-कर पछताता है।

(२१९)

जिस साधक की आत्मा इस प्रकार दृढ़निश्चयी है कि मैं शरीर छोड़ सकता हूँ, परन्तु अपना धर्म-शासन छोड़ ही नहीं सकता;

तं तारिसं नो पयालेन्ति इन्दिया,
उवेन्ति वाया व सुदंसणं गिरिं ॥९॥
[दश० चूलिका १ गा० १७]

(२२०)

अप्पा खलु सययं रक्खियव्वो,
सव्विन्दिएहिं सुसमाहिएहिं ।
अरक्खिओ जाइपहं उवेइ,
सुरक्खिओ सव्वदुक्खाण मुच्चइ ॥१०॥
[दश० चूलिका २ गा० १६]

(२२१)

सरीरमाहु नाव त्ति, जीवो वुच्चइ नाविओ ।
संसारो अण्णवो वुत्तो, जं तरन्ति महेसिणो ॥११॥
[उत्तरा० अ० २३ गा० ७३]

(२२२)

जो पव्वइत्ताण महव्वयाइं,
सम्मं च नो फासयई पमाया ।
अनिग्गहप्पा य रसेसु गिद्धे,
न मूलओ छिन्दइ बन्धणं से ॥१२॥
[उत्तरा० अ० २० गा० ३६]

उसे इन्द्रियाँ कभी विचलित नहीं कर सकतीं, जैसे—भीषण बवडर सुमेरु पर्वत को ।

(२२०)

